**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 14 |
| आर्द्रता | 51% |
| सूर्योदय: 6:20 | सूर्यास्त: 17:17 |


विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



सुविचार : सोच का फर्क होता है वरना समस्यायें आपको मजबूत बनाने आती हैं।



भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने जीता खो खो विश्व कप 2025 का ऐतिहासिक खिताब -पृष्ठ 8


**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


## डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी आज, यूएस के 47वें राष्ट्रपति के रूप में लेंगे शपथ



**नई दिल्ली :** अमेरिका में इतिहास बनने में अब बहुत ज्यादा वक्त नहीं है, डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी पर सारी दुनिया की निगाहें हैं। इस बार ऐसा बहुत कुछ हो रहा है, जो दशकों में नहीं हुआ। जैसे इस बार अमेरिकी राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण इनडोर हो रहा है, यानी संसद के अंदर। इसकी वजह किसी दुश्मन के हमले का डर नहीं, बल्कि यहां पड़ रही जबरदस्त ठंड और बर्फबारी है। इसके बावजूद उनके समर्थक वॉशिंगटन डीसी पहुंच गए हैं। ट्रंप के समर्थक आतिशबाजी कर रहे हैं। इस कड़ाके की ठंड में भी उनके लिए माहौल बना रहे हैं। बता दें कि अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ट्रंप को शपथ दिलाएंगे। भारतीय समयानुसार सोमवार रात 10.30 बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा। पहली बार शपथ ग्रहण में विदेशी मेहमान शामिल होंगे।

# महाकुंभ में लगी भीषण आग पर काबू, कोई हताहत नहीं

## पीएम मोदी ने सीएम योगी से ली हादसे की जानकारी

- मुख्यमंत्री योगी ने लिया जायजा
- खाना बनाते वक्त सिलेंडर ब्लास्ट की आशंका, एक घंटे में काबू पाया



**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ मेले के सेक्टर 19 में रविवार को एक शिविर में पुआल में लगी आग, गैस सिलेंडर फटने की वजह से तेजी से फैल गई और आग की चपेट में आने से करीब 18 शिविर जल गए। हालांकि अग्निशमन कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शाम करीब साढ़े चार बजे सेक्टर 19 में आग लगने की सूचना मिली और तुरंत दमकल की गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। उन्होंने बताया, करीब एक घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। आग बुझाने में करीब 15-16 गाड़ियां लगाई गई थीं। इस आग में 18 तंबू जलकर नष्ट हो गए। एलपीजी सिलेंडरों के फटने से आग तेजी से फैली थी। शर्मा ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। घटनास्थल से धुंए का गुबार उठने से अखाड़ों के आसपास के क्षेत्रों में अफरा तफरी मच गई। हालांकि एक घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि मौनी अमावस्या से पूर्व तैयारियों की समीक्षा करने प्रयागराज में मौजूद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घटनास्थल पहुंचे और अधिकारियों को भविष्य में ऐसी घटना से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री से फोन पर इस घटना की जानकारी ली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उन्हें संपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने बताया कि कुशल अग्निशमन और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि आग को बुझा लिया गया है और स्थिति नियंत्रण में है तथा लोगों को घटनास्थल से निकाल लिया गया है और इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। प्रयागराज के जिलाधिकारी (डीएम) रवींद्र कुमार मांदड़ ने बताया कि शाम करीब साढ़े चार बजे गीता प्रेस के शिविर में आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद पुलिस, प्रशासन और अग्निशमन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि गीता प्रेस से लगे प्रयागवाल के करीब 10 तंबू में भी आग फैलने की सूचना मिली थी तथा स्थिति सामान्य हो गई है और किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है। सामंत भारती नाम के एक संत ने कहा, मैं अखाड़े में था, तभी धमाके की आवाज सुनकर मैं बाहर आया और लोगों को भागते देखा। थोड़ी ही देर में और दो धमाके हुए। जल्दी ही हर कोई अपने शिविरों से बाहर आ गया.. मेरा दिल अब भी धड़क रहा है। इससे पहले महाकुंभ नगर के अखाड़ा पुलिस थाना के प्रभारी भास्कर मिश्रा ने बताया था ''महाकुंभ मेले के सेक्टर 19 में दो एलपीजी सिलेंडर फट गए, जिससे शिविरों में भीषण आग लग गई।''

## आरजीकर मामला : 'फांसी या उम्रकैद'

### आज सियालदह कोर्ट दोषी संजय रॉय को सुनाएगी सजा



**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर अस्पताल में पिछले साल अगस्त में एक महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में दोषी करार दिये गए संजय रॉय को सिलायदह अदालत सोमवार को सजा सुनाएगी। संजय रॉय को जिन धाराओं के तहत दोषी करार दिया गया है, उसमें उसे न्यूनतम आजीवन कारावास, जबकि अधिकतम मौत की सजा हो सकती है। उल्लेखनीय है कि सियालदह की अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने शनिवार को संजय रॉय को पिछले वर्ष नौ अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या का दोषी करार दिया था। न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि संजय रॉय का बयान सोमवार को दोपहर 12.30 बजे सुना जाएगा और उसके बाद सजा सुनाई जाएगी। शनिवार को फैसला सुनाए जाने के समय संजय रॉय ने अदालत में दावा किया कि उसे फंसाया गया है। मृत चिकित्सक के माता-पिता ने न्याय देने के लिए अदालत का आभार व्यक्त किया है।

## सैफ पर हमले के आरोपी को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**मुंबई :** मुंबई की एक अदालत ने रविवार को सैफ अली खान पर हमला मामले में गिरफ्तार एक व्यक्ति को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया और कहा कि अंतरराष्ट्रीय साजिश से संबंधित अभियोजन पक्ष की दलील को खारिज नहीं किया जा सकता है। पुलिस ने अदालत को बताया कि कथित हमलावर बांग्लादेशी नागरिक है, और उसके कृत्य के पीछे के मकसद का पता लगाने की जरूरत है। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद (30) को दोपहर डेढ़ बजे बांद्रा में मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के सामने पेश किया। पुलिस ने अदालत को बताया कि कथित हमलावर भारत में अवैध रूप से रहने वाला एक बांग्लादेशी नागरिक था और उसके कृत्य के पीछे के मकसद का पता लगाने की जरूरत है। पुलिस ने अदालत से यह भी कहा कि उन्हें यह पता लगाने की जरूरत है कि इस मामले का संबंध किसी अंतरराष्ट्रीय साजिश से है या नहीं। हालांकि, बचाव पक्ष के वकील संदीप डी शेरखाने ने तर्क दिया कि उनका मुवक्किल कई वर्षों से देश में रह रहा है और उसके पास (देश में रहने के लिए) महत्वपूर्ण दस्तावेज है, और उसका परिवार भी भारत में रह रहा है।

## भारत की ताकत एकजुटता में निहित है: मोहन भागवत



**कोच्चि :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि भारत की ताकत एकजुटता में निहित है, जो सफल और विजयी है। यहां वडयाम्बडी में आरएसएस की एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदू जीवन शैली सभी मुद्दों का समाधान प्रदान करती है और दुनिया में परम शांति लाती है। भागवत ने कहा कि आरएसएस हिंदू समाज को एकजुट कर रहा है और धर्म की रक्षा के माध्यम से दुनिया को सार्थक समाधान प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा, ''बदलाव केवल अवतारों के आने से नहीं होता।'' उन्होंने कहा, ''ऐसा कहा जाता है कि जो लोग खुद की रक्षा नहीं कर पाते, उन्हें भगवान भी नहीं बचा सकते। हम भारत की संतान हैं। यदि हमारी मातृभूमि लाखों बच्चों के होते हुए भी कमजोर हो जाती है, तो हमारा क्या कर्तव्य है?'' उन्होंने कहा, ''इस कर्तव्य को पूरा करने के लिए हमें शक्ति की आवश्यकता है, शक्ति को प्रभावी बनाने के लिए हमें अनुशासन और ज्ञान की आवश्यकता है।'' भागवत ने कहा, ''परिस्थितियों की परवाह किए बिना दृढ़ निश्चय और उद्देश्य की अटूट भावना आवश्यक है।'' उन्होंने कहा कि केवल ऐसे मानव विकास को बढ़ावा देना ही आरएसएस का मुख्य मिशन है। उन्होंने कहा कि भारत भी विभिन्न संघर्षों को देख रहा है - किसान, उपभोक्ता, श्रमिक और यहां तक कि सत्तारूढ़ और विपक्षी दल भी आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे समस्याओं की सूची बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि हालांकि, इन मुद्दों का समाधान भारत के भीतर ही है।

## 'महाकुंभ' एकता, समता-समरसता का असाधारण संगम, युवाओं का इससे जुड़ना स्वर्णिम भविष्य सुनिश्चित करता है: मोदी




**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'महाकुंभ' को एकता और समता-समरसता का असाधारण संगम करार दिया और कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 118वीं कड़ी और साल 2025 की पहली कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख किया और कहा कि जब युवा पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है तो उसकी सभ्यतागत जड़े और मजबूत होती है और तब उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिक्र करते हुए कहा कि यह दिन इसलिए अहम है, क्योंकि इसी दिन 'भारतीय निर्वाचन आयोग' की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा, ''हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान में हमारे चुनाव आयोग को, लोकतंत्र में लोगों की भागीदारी को, बहुत बड़ा स्थान दिया है। मैं चुनाव आयोग का भी धन्यवाद दूंगा, जिसने समय-समय पर, हमारी मतदान प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है, मजबूत किया है। आयोग ने जन-शक्ति को और शक्ति देने के लिए, तकनीक की शक्ति का उपयोग किया।''

### स्टार्ट-अप इंडिया केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं; आधे से अधिक दूसरी, तीसरी श्रेणी के शहरों से

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि स्टार्ट-अप इंडिया कार्यक्रम केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है और आधे से अधिक स्टार्ट-अप दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से संचालित हो रहे हैं। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 118वीं और वर्ष 2025 की पहली कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अपशिष्ट प्रबंधन, गैर-नवीकरणीय ऊर्जा, जैव प्रौद्योगिकी और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्टार्ट-अप देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि अंबाला, हिसार, कांगड़ा, चेंगलपत्तू, बिलासपुर, ग्वालियर और वाशिम में कई स्टार्ट-अप काम कर रहे हैं और पिछले वर्ष नागालैंड में स्टार्ट-अप पंजीकरण में दो सौ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई।

## रिहा किए गए तीन बंधक इजराइल पहुंचे



**दीर अल बलाह (गाजा पट्टी) :** गाजा से रिहा किए गए पहले तीन बंधक इजराइल पहुंच गए हैं। इजराइल की सेना ने रविवार को यह घोषणा की। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के कुछ घंटों बाद बंधकों को रिहा किया। बंधकों की माताएं उनसे मिलने का इंतजार कर रही थीं। कतर से संचालित मीडिया संस्थान 'अल जजीरा' के फुटेज में रिहा किए गए बंधकों को ले जाते हुए देखा गया है। उनके चारों तरफ बड़ी भीड़ थी, जिनमें से कई लोगों ने अपने फोन पकड़ रखे थे और वीडियो बना रहे थे। वाहनों के साथ हथियारबंद लोग थे, जिन्होंने हरे रंग की हमास की हेडबैंड पहन रखी थी और वे हजारों की संख्या में पहुंची अनियंत्रित भीड़ से कारों की रक्षा करने के लिए मशक्कत कर रहे थे। तीनों के अभी सामने आने की संभावना नहीं है क्योंकि उन्हें मेडिकल जांच के लिए ले जाया जाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रिहा किए गए बंधकों के बारे में कहा, ''ऐसा लगता है कि उन लोगों का स्वास्थ्य ठीक है।''

### आत्मरक्षा के हमारे 'अधिकार' का 'समर्थन' करने के लिए भारत को धन्यवाद : इजराइली राजदूत

गाजा में इजराइल और हमास के बीच बहुप्रतीक्षित युद्ध विराम समझौता लागू होने के बाद, भारत में इजराइल के राजदूत रियुवेन अजार ने रविवार को अपने देश के आत्मरक्षा के ''अधिकार'' का 'समर्थन' करने के लिए भारत को धन्यवाद दिया। दोनों पक्षों के बीच युद्ध विराम समझौता 15 महीने के संघर्ष के बाद हुआ है।

## डल्लेवाल के चिकित्सा सहायता लेने पर 121 किसानों ने अपना आमरण अनशन समाप्त किया



**चंडीगढ़ :** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के चिकित्सा सहायता लेने के बाद उनके साथ एकजुटता दिखाने के लिए खनौरी विरोध स्थल पर आमरण अनशन पर बैठे 121 किसानों के एक समूह ने रविवार को अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त कर दिया। डल्लेवाल (70) ने 26 नवंबर को आमरण अनशन पर बैठने के बाद कोई भी चिकित्सा सहायता को लेने से इनकार कर दिया था, लेकिन किसानों की मांगों पर चर्चा के लिए 14 फरवरी को बातचीत के लिए केंद्र का आमंत्रण मिलने के बाद वह शनिवार को चिकित्सा सहायता लेने पर सहमत हो गये। उनकी तबीयत बिगड़ने और सरकार द्वारा उनकी मांगें नहीं मानने पर 111 किसानों का एक समूह खनौरी के पास हरियाणा की सीमा में 15 जनवरी को डल्लेवाल के आमरण अनशन में शामिल हो गया। इसके बाद 17 जनवरी को हरियाणा के 10 और किसान उनके साथ जुड़ गए। पुलिस उपमहानिरीक्षक मनदीप सिंह सिद्धू और पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नानक सिंह की मौजूदगी में 121 किसानों ने जूस पीकर अपना अनशन समाप्त किया। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रिय रंजन के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को किसान नेता डल्लेवाल और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उन्हें चंडीगढ़ में 14 फरवरी को वार्ता फिर से शुरू करने के लिए आमंत्रित किया। प्रस्तावित बैठक की घोषणा के बाद डल्लेवाल चिकित्सा सहायता लेने पर सहमत हो गए। इसके बाद डल्लेवाल ने 'इंट्रावीनस ड्रिप' के जरिये चिकित्सा सहायता ली। हालांकि, किसान नेताओं ने कहा कि डल्लेवाल अपना अनिश्चितकालीन अनशन तब तक खत्म नहीं करेंगे, जब तक कि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी नहीं दी जाती।


**उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी**

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



**DR. SANTOSH KUMAR**
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
**DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION**
*Chamber :* Plot No 332, Laketown
Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com





# ईमानदारी से हो गाजा में युद्धविराम का पालन

यह सुखद ही कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्राइल-हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। भले ही इस समझौते के लिये अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बीच संघर्ष समाप्ति का श्रेय लेने की होड़ हो, लेकिन गाजा के लोग जिस मानवीय त्रासदी से जूझ रहे थे, उन्हें जरूर इससे कुछ राहत मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र के तमाम प्रयासों व मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों की बार-बार की गई पहल के बावजूद अब तक शांति वार्ता सिरे न चढ़ सकी थी। जिसकी कीमत करीब पचास हजार लोगों ने अपनी जान देकर चुकायी। इस युद्ध से गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में जो तबाही हुई है, उससे उबरने में दशकों लग सकते हैं। निस्संदेह, इस्राइल व हमास के बीच युद्ध विराम पर सहमति होना महत्वपूर्ण है, लेकिन जब तक समझौता यथार्थ में लागू होता न नजर आए, तब कुछ भी कहना जल्दीबाजी होगी। हालांकि, अक्तूबर, तेईस में हमास के हमले से आहत इस्राइल कई मोर्चों पर लगातार युद्ध से थक चुका है, लेकिन अभी अरब जगत उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसी आशंका इसीलिए भी है कि कई बार बातचीत अंतिम दौर पर पहुंचते-पहुंचते पटरी से उतरती गई है। बात और घात लगातार चलते रहे हैं। अब भविष्य में देखना होगा कि दोनों पक्ष समझौते के अमल के प्रति कितनी ईमानदारी से प्रतिबद्ध नजर आते हैं। हालांकि, अपने बंधकों की जल्द रिहाई को लेकर इस्राइल के विपक्षी राजनीतिक दलों व मंत्रिमंडल में भी मतभेद उभर रहे हैं, लेकिन इतनी लंबी लड़ाई के बाद थक चुकी इस्राइली सेना को भी राहत देने की मांग की जाती रही है। बहरहाल, युद्ध विराम के प्रश्न पर इस्राइल व हमास के बीच सहमति से शांति की उम्मीदें प्रबल हुई हैं। जहां एक ओर अमेरिका में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन व नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते के लिए श्रेय ले रहे हैं, वहीं ईरान इसे फलस्तीनी प्रतिरोध की जीत बता रहा है।

दरअसल, हालिया समझौते में इस्राइली सेना की गाजा से वापसी, चरणबद्ध तरीके से इस्राइली बंधकों व फलस्तीनी कैदियों की रिहाई और गाजा में पुनर्निर्माण पर सहमति बनी है। इसके साथ ही गाजा के विस्थापितों को वापस लौटने की अनुमति भी दी जाएगी। अभी गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को भी दूर किया जाना है। दरअसल, सात अक्तूबर 2023 को हमास के क्रूर हमलों में इस्राइल के बारह सौ लोग मारे गए थे और करीब ढाई सौ लोगों को हमास के लड़ाके सौदेबाजी के लिये बंधक बनाकर ले गए थे। साफ था कि इस अपमानजक घटना का इस्राइल प्रतिशोध लेगा,लेकिन संघर्ष करीब डेढ़ वर्ष तक चलेगा, इसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। हालांकि, कुछ इस्राइली बंधक रिहा किए गए, कुछ युद्ध के बीच मारे गए, लेकिन बचे बंधकों की रिहाई का भारी दबाव नेतन्याहू सरकार पर लगातार बना रहा। हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय दावा कर रहा है कि इस्राइली हमलों में अब तक पचास हजार लोग मारे गए हैं। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। बहरहाल, जब लंबे समय के बाद शांति की स्थितियां बन रही हैं तो अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी व संयुक्त राष्ट्र का दायित्व बनता है कि समझौते के क्रियान्वयन की निगरानी की जाए। ताकि मध्यपूर्व में स्थायी शांति की राह मजबूत हो सके। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। इस संघर्ष की शुरुआत भले हमास ने की हो, लेकिन इसकी सबसे बड़ी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जो इसके लिये जिम्मेदार नहीं थे। हालांकि, इस बात को लेकर शंकाएं व्यक्त की जा रही हैं कि इस समझौते से फलस्तीनी संकट का स्थायी समाधान हो सकेगा। बहरहाल,युद्ध की त्रासदी व मौसम की मार झेल रहे फलस्तीनियों को को कुछ राहत जरूर मिलेगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 20 जनवरी, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ कृष्णपक्ष षष्ठी, 09:59 तक, नक्षत्र : हस्त, 20:25 तक, योग : सुकर्माण, 26:49 तक, सूर्योदय: 6:20, सूर्यास्त: 17:17 चन्द्रोदय : 22:57, चन्द्रास्त: 10:10, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 07:43 से 09:05

## राशिफल

**मेष :** आज आपको सीखने का बढ़िया मौका मिलेगा। भविष्य को लेकर आज आप योजना बना सकते हैं। परिवार के साथ समय का बिताने के लिए अच्छा दिन है।

**वृष :** आज आपको भाग्य का साथ मिल सकता है। सकारात्मक कार्य करने की वजह से आज कार्यक्षेत्र में चमत्कार होने की संभावना है। आज ऑफिस सहकर्मियों से भी सावधान रहने की संभावना है।

**मिथुन :** आज आप अपने से बड़ों का सम्मान करें, लेकिन बदले में कुछ पाने के विचार से नहीं। आपका दिन आज ऊर्जावान रहेगा लेकिन कार्यस्थल पर बड़ी खुशखबरी आपका इंतजार कर रही है।

**कर्क :** आज आप अपनी शैक्षणिक परियोजनाओं में व्यस्त हो सकते हैं, जिसका लाभ आपको भविष्य में मिलेगा। जीवन में अच्छा अनुभव प्राप्त करने में भी आपकी मदद करेंगे।

**सिंह :** आपके जीवन में कुछ करने की चाहत काफी तीव्र हो सकती है। हालांकि आज का दिन आपको अपने जुनून और सपनों की ओर बढ़ने की ताकत देगी।

**कन्या :** आज जीवन से आपको बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। आपके पेशेवर जीवन में आज आपके लिए एक बड़ा सबक हो सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में आपको सफलता मिलने की संभावना है।

**तुला :** आज आप किसी खास विषयों पर गहन चिंतन कर सकते हैं जिनमें आपकी रुचि है। आज रात प्रिय से दावत की उम्मीद है। जिसका आनंद लेने का प्रयास करें।

**वृश्चिक :** आज आप कुछ अच्छी यादों को याद करने में आप व्यस्त रह सकते हैं। व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण की भावना विकसित होगी।

**धनु :** आज व्यापार करना आपके लिए एक शानदार अवसर हो सकता है। दिन का अधिकतम लाभ उठाने का प्रयास करें। योग्यता के आधार पर लाभ पाने का भरपूर प्रयास कर सकते हैं।

**मकर :** आपको जिस चीज से खुशी मिलती है, वह कार्य करने का प्रयास करें। आज आप जीवन को लेकर कुछ बड़ा निर्णय ले सकते हैं। आपका स्वास्थ्य आपको प्रेरित करेगा। खान-पान का ध्यान रखें।

**कुम्भ :** आज आप आत्मविश्वास में रहेंगे, जिसकी वजह से काम और शिक्षा में लाभ मिलेगा। कार्यशैली से आस-पास के लोग प्रभावित हो सकते हैं। प्रेमी से आज आपको सलाह मिल सकती है।

**मीन :** आप अपने पुराने व जरूरी कार्यों में व्यस्त रहेंगे। जिसकी वजह से आपका रूटीन का काम लेट हो सकता है। व्यापार करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा।

# बीते जमाने की बात होती सोशियोट्रॉपी



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

सामाजिक ताने बाने में बदलाव को इस तरह से आसानी से समझा जा सकता है कि सोशियोट्रॉपी आज बीते जमाने की बात होती जा रही है। कोरोना के बाद तो हालात में और भी अधिक बदलाव आया है। आज की पीढ़ी में सामाजिकता का स्थान वैयक्तिकता लेती जा रही है। एक समय था जब सामाजिकता को वैयक्तिकता के स्थान पर अधिक तरजीह दी जाती थी। परिवार, मौहल्लों और आसपास कोई ना कोई ऐसे अवष्य मिल जाते थे जो जगत मामा तो कोई जगत काका तो कोई जगत दादा होते थे। छोटा हो या बड़ा, दादी हो या पोती, सास हो या बहू सब उन्हें प्रसिद्ध नाम से ही पुकारते थे। यह था एक तरह का अपनत्व। इस तरह के व्यक्तित्व वाले व्यक्ति सभी के चहेते होते थे तो जान-पहचान हो या ना हो, वे जरुरत के समय पहुंच जाते थे। सुख दुख खासतौर से मुसिबत के समय ऐसे व्यक्ति आगे रहते थे। हांलाकि आज इस तरह के व्यक्तित्व को ढूंढना लगभग असंभव सा ही है।

दरअसल हमारी परंपरा व्यस्टी का ना होकर समस्टी की रही है। बच्चों को पहले सामाजिकता का पाठ पढ़ाया जाता था। बच्चे मौहल्ले के सभी घरों को अपना ही घर मानकर चलते थे तो मौहल्ले में रहने वाले किसी का भी बच्चा हो उसे अपने बच्चे जितना ही प्यार और दुलार देते थें। दुख दर्द में पूरा मौहल्ला साथ हो जाता था। मौहल्ले में किसी घर में मौत हो जाती थी तो पड़ोसी उस परिवार को संभालने और देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं अपने हाथ में ले लेते थे। शादी-विवाह में काम बंट जाता था, आज तो केटरिंग का जमाना आ गया नहीं तो सैकड़ों लोगों को परिवार और मौहल्ले के युवा ही भोजन कराने की जिम्मेदारी निभा लेते थे। हलवाई के काम शुरु करते ही मौहल्ले के लोग बारी बारी से देखरेख व सहयोग के लिए तैयार रहते थे। आज यह सब बदल गया है। गगन चुंबी इमारतों में कई परिवार रहते हैं और हालात यहां तक हो गए हैं कि एक ही कॉम्पलेक्स या अपार्टमेंट में रहने वाले एक दूसरे को पहचानते ही नहीं। ऐसे में आपसी सहयोग और मेल मिलाप की बात करना बेमानी होगा।

सोशियोट्रापी मनोविज्ञान में प्रयोग होता है। हांलाकि इसे सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही अर्थों में लिया जाता है। दूसरों को खुश रखने की खुशी में अपने खुशी को भूल जाना वाली मनोस्थिति को भी सोशियोट्रापी के रुप में देखा जाता है। यही कारण है कि इस एकांगिग अर्थ को लेने के चक्कर में सोशियोट्रोपी मानसिकता वाले लोगों के अवसादग्रस्त, तनाव पीड़ित और हमेशा चिंतित रहने की मनोदशा को साइड इफेक्ट के रुप में देखा जाता है। जबकि सोशियोट्रापी यहीं तक सीमित नहीं है। दूसरे के दुखदर्द में भागीदार होना, आवश्यकता के समय निस्वार्थ सहयोग व सहायता करना, दूसरे की परेशानी को समझना और उसे दूर करने में यथासंभव सहयोग करना यह सोशियोट्रापी का ही एक रुप है। हमारी परंपरा में जो व्यक्ति केवल अपने आप के बारे में सोचता है उसे एकलखोर या स्वार्थी कहा जाता रहा है। हमारी परंपरा वसुधेव कुटुम्बकम की रही है। हमारी परंपरा में दूसरे की उन्नती देखकर प्रसन्न होने की भावना रही है। खुशी के मोके पर मिठाई बांटना खुशी में सभी को भागीदार बनाना है। इसी तरह से जरुरत के समय खड़े हो जाना जरुरतमंद के लिए संबल होता है।

देखा जाए तो बदलते सामाजिक ताना-बाना से सब कुछ बदल कर रख दिया है। एकल परिवार की संस्कृति समाज में अपना प्रभुत्व जमा चुकी है। परिवार पति-पत्नी और बच्चों तक सीमित होता जा रहा है। जो भावनात्मकता संबंधों को तरोताजा रखती थी वह भावनात्मकता कहीं खो गई है। अवकाश के दिनों का उपयोग दादा-दादी या नाना-नानी के पास गुजारने के स्थान पर कहीं घूमने घामने में जाया होने लगा है। एक समय था जब गांव से यात्रा पर भी जाते थे तो गांव के कई परिवार के लोग उस भ्रमण दल में होते थे। हालात तो यहां तक होने लगे हैं कि घर के बुजुर्ग सदस्य को जिसे साथ की अधिक आवश्यकता है घर की देखभाल के लिए छोड़ना आज आम होता जा रहा है। खुशी के पल को साझा करने का तरीका भी बदल गया है। जिस तरह की प्राथमिकताएं बदली है वह पीपल प्लीजर के स्थान पर सेल्फ प्लेजर होती जा रही है। दरअसल सामाजिकता के जो मायने एक समय होते थे उसमें कोई क्या कहेगा महत्वपूर्ण होता था, सामाजिक प्रतिक्रिया का बड़ा भय होता था, आज हालात यह है कि मां-बाप क्या कहेंगे इसकी भी परवाह नहीं रही है। दरअसल न्यूक्लियर फैमेली के यह साइड इफेक्ट है जो लोगों को सोशियोट्रापी से दूर ले जाते हैं। हांलाकि पाश्चात्य देशों द्वारा अब इसकी अहमियत सामने आने लगी है। ब्रिटेन में पिछले दिनों एक अध्ययन में सामने आया है कि अब बच्चों का जब भी मौका मिलता है परिवार यानी कि दादा-दादी या नाना-नानी का साथ जरुरी माना जाने लगा है। क्योंकि सामाजिक ताना-बाना में बिखराव के कारण ही आज की पीढ़ी ही रिश्तों की अहमियत को भूलती जा रही है। दादा-दादी या नाना-नानी में से एक तो पराया होता जा रहा है। जब खास रिश्तों के ही यह हालात होते जा रहे हैं, परिवार के मायने ही बदलते जा रहे हैं तो फिर अडौस पडौस, मौहल्ले या शहर गांव के रिश्तों की बात करना ही बेमानी होगा।

इतना अवश्य है कि आज की पीढ़ी के सामाजिकता से दूर होने के नकारात्मक प्रभाव समाज के सामने आने लगे हैं। पाश्चात्य देश अब रिश्तों की अहमियत को समझने की दिशा में आगे बढ़ने लगे हैं वही हम रिश्तों की अहमियत और सामाजिकता को खोते जा रहे हैं। यह अपनेआप में गंभीर चिंता का विषय है। समाज और समाज विज्ञानियों व मनो विज्ञानियों को हालात की गंभीरता को समझते हुए समय रहते हालात को सुधारने के प्रयास करने होंगे।

# गांव गांव और घर घर पहुंचा इंटरनेट



बाल मुकुन्द ओझा

देश और दुनिया में दिन-ब-दिन इंटरनेट का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा है। पहले बड़े इसे अपने काम के लिए उपयोग में लाते थे और अब यह बड़ों से बच्चों के हाथों में पहुँच कर हमारी जिंदगानी का अभिन्न और अहम हिस्सा बन गया है। आज बिना इंटरनेट जीवन अधूरा लगता है। इंटरनेट हमारी दिनचर्या में पूरी तरह घुलमिल गया है। भारत की बात करे तो आज इंटरनेट ने देश के महानगरों से होते हुए गांव गुवाड़ तक आसानी से अपनी पहुँच बना ली है। भारत में इस वर्ष इंटरनेट यूज़र्स की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। 140 करोड़ की आबादी वाले देश में 90 करोड़ लोगों तक इंटरनेट पहुँच गया है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया और अंतर्दृष्टि एवं परामर्श कंपनी ने हाल ही अपनी एक रिपोर्ट जारी कर बताया कि भारत में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वालों की संख्या 2025 में 90 करोड़ करोड़ के पार होने वाली है। यह इजाफा डिजिटल कंटेंट के लिए भारतीय भाषाओं के बढ़ते इस्तेमाल से प्रेरित है। इंटरनेट इन इंडिया रिपोर्ट-2024 के मुताबिक, भारत में एक्टिव इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की तादाद 2024 में 88.6 करोड़ तक पहुंच गई है, जो सालाना आधार पर आठ फीसदी की मजबूत वृद्धि है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देश की कुल इंटरनेट आबादी का 55 प्रतिशत हिस्सा (48.8 करोड़) ग्रामीण भारत से है। देश में कुल इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में से 47 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। ग्रामीण यूजर्स इंटरनेट का इस्तेमाल करने में रोज 89 मिनट बिता रहे है। जबकि, शहरों में ये आंकड़ा 94 मिनट है। रिपोर्ट के अनुसार देश के 98 प्रतिशत यूजर्स भारतीय भाषाओं में इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। इनमें से 57 प्रतिशत शहरी आबादी का हिस्सा है। डिजिटल कंटेंट के लिए भारतीय भाषाओं के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से शहरों में हिंदी, मराठी, तमिल, गुजराती, तेलुगु, और बंगाली भाषा का सबसे अधिक उपयोग किया जाता है। रिपोर्ट में भारतीय भाषाओं के इस्तेमाल को इंटरनेट उपयोग में वृद्धि का अहम कारण माना गया है। भारत की इंटरनेट अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण वृद्धि के लिए तैयार है, उद्योग विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह 2030 तक 1 ट्रिलियन तक पहुंच जाएगा। वहीं केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर के अनुसार 2026 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (ऋउ्झ) में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान 20 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा।

इंटरनेट का मतलब है इंटरनेशनल नेटवर्क यानी पूरे विश्व के नेटवर्क को इंटरनेट करते हैं। तथा इसको हिंदी में अंतरजाल कहते हैं। एक ऐसा नेटवर्क जिसे पूरी दुनिया के कंप्यूटर आपस में एक तार से जुड़े होते हैं। या हम यह भी कह सकते हैं कि पूरी दुनिया के सारे कंप्यूटर मकड़ी के जाल की तरह आपस में एक दूसरे से ही जुड़े हुए हैं। वैसे आमतौर पर आम भाषा में इसे केवल नेट करके ही बोला जाता है। इंटरेस्ट को वर्ल्ड वाइड वेब के नाम से भी जाना जाता है। वेब यानी कि इसका अर्थ तरंगों से होता है। आज देश और दुनिया के लगभग सभी घरों में ऑनलाइन पढ़ाई, खरीदारी, मनोरंजन और अन्य कामों के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल हो रहा है।

आज से बीस तीस साल पहले लोगों ने इंटरनेट का नाम तक नहीं सुना था मगर देखते देखते आज इंटरनेट आज हमारी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन गया है। आज हम हर छोटी-छोटी चीजों के लिए इंटरनेट पर सर्च करते हैं। वर्तमान समय में इंटरनेट ने लोगों के जीवन में एक नई क्रांति ला दी है। रोजमर्रा की जिन्दगी में अब सारे कार्य कंप्यूटर और इंटरनेट द्वारा किए जा रहे हैं। बहुत से लोगों का मानना है इंटरनेट के माध्यम से आमजन का जीवन आसान हो गया है क्योंकि इससे हम घर के बाहर गए बिना ही अपना बिल जमा करना व्यापारिक लेन -देन करना सामान खरीदना आदि काम कर सकते है.अब ये हमारे जीवन का खास हिस्सा बन चुका है। यहाँ तक की खाने पीने का सामान भी इंटरनेट से मंगाते है। वर्तमान समय में इंटरनेट ने लोगों के जीवन में एक नई क्रांति ला दी है। रोजमर्रा की जिन्दगी में अब सारे कार्य कंप्यूटर और इंटरनेट द्वारा किए जा रहे हैं। छोटे बच्चों से लेकर युवा वर्ग और मध्यम वर्ग के लोगों में इंटरनेट को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। परन्तु जहां एक तरफ इंटरनेट हमारे लिए वरदान साबित हो रहा है वहीं दूसरी ओर इंटरनेट के अत्याधिक इस्तेमाल से यह नुक्सान दायक साबित हो रहा है। इंटरनेट ज्ञान का खजाना है यह कहते हम थकते नहीं है। निश्चय ही यह हमारी जिंदगी में एक वरदान बनकर आया है मगर इसके दुरूपयोग ने हमें उजाले से अँधेरे में धकेलते देर नहीं लगायी यह भी एक सच्चाई है। पोर्न फिल्मे इंटरनेट की देन है। आज का युवा ज्ञान के स्थान पर अश्लीलता के अंधे कूप में गिर रहा है। यह सोचने और विचारने की बात है।

-वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार

# फंडा तलाकोत्सव सेरेमनी का



रामविलास जांगिड़

**त्यंग्य**

तलाक अब कोई गम का कारण नहीं बल्कि नई स्वतंत्रता का जश्न है। इसी को ध्यान में रखते हुए, हमारे अंतरराष्ट्रीय तलाक कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड ने तलाक महोत्सव को शानदार और आधुनिक तरीके से मनाने के उपाय बताए हैं। तलाक महोत्सव का एक शानदार कार्ड छपवाएं। हम अलग हो रहे हैं, आप भी आकर इस खुशी में शामिल हों। दो दिल टूटे, टूटे दिलों ने इकरार किया। आज हम दोनों ने दूर-दूर रहना स्वीकार किया। ऐसा संदेश लिखाएं। शादी में लाल जोड़े का रिवाज़ होता है। तलाक महोत्सव में सफेद, काले या फिर फ्रीडम थीम वाले कपड़े पहनें। तलाक दर्शियों के स्वागत के लिए एक बड़े से गेट पर बड़ा सा बोर्ड लगाया जाए- दुखों से मुक्ति का द्वार: तलाक महोत्सव में आपका स्वागत है। तलाक महोत्सव के लिए एक खास केक डिज़ाइन किया जाए, जिसमें लिखा हो- सिंगलहुड ज़िंदाबाद। इसे काटने की रस्म एक दूसरे को गालियां बकते हुए पूरी हो।

तलाकोत्सव में कोई प्रशिक्षित व्यक्ति एक प्रतिज्ञा दिलाए- अब मैं किसी और की ज़िंदगी का ही कांटा बनूंगा। इसे सात बार दोहराएं। तलाकोत्सव में फोटो बूथ लगाया जाए, जहां अलग-अलग सिंगल लाइफ को प्रमोट करने वाले पोस्टर और प्रॉप्स के साथ तस्वीरें खिंचवाई जाएं। अतिथि महोत्सव में आकर अपने तलाकशुदा के नए जीवन के लिए गिफ्ट दें- जैसे हॉबी किट्स, ट्रेवल वाउचर्स या लव योरसेल्फ हैंपर। ब्रेकअप सॉन्ग्स और सिंगलहुड एंथम्स पर संगीत और डांस का जबरदस्त परफॉर्मेंस किया जाए। जैसे शादी में दुल्हन का वॉक होता है, तलाक महोत्सव में भी डिवोर्स वॉक हो, जिसमें दोनों पक्ष अपनी नई-नई आज़ादी को स्टाइल में दिखाएं। जिसे सरल भाषा में 'उलटे फेरे पड़ना' भी कह सकते हैं।

भोजन में इंडिपेंडेंस कबाब, सिंगल बर्गर, सिंगल डोसा और फ्रीडम फ्राइज़ जैसे आइटम्स ही रखे जाएं। शादी में थैंक यू स्पीच के अनुसार ही तलाक महोत्सव में दोनों पार्टनर एक-दूसरे के लिए गुडबाय स्पीच दें। अतिथियों को तलाक के जश्न में शामिल होने के लिए एक स्मृति पत्र दिया जाए- तलाक महोत्सव: सफलता पूर्वक संपन्न। दोनों पार्टनर को बेस्ट इंडिपेंडेंट का खिताब दिया जाए। इन्हें तलाक की एक बड़ी सी ट्रॉफी दी जाए। रिलेशनशिप टिप्स सेशन के लिए हमारे एक्सपर्ट को बुलाया जाए जो गेस्ट्स के लिए यह बताए कि अगली बार 'किससे बचें।' डिवोर्स पार्टी गेम्स का आयोजन हो जिसमें कपल्स की उल्टी दौड़, रिंग टॉस ऑन एक्स, कौन बकेगा जल्दी गाली जैसे मजेदार गेम्स रखे जा सकते हैं।

स्मृति जलाने की रस्म हेतु विवाह की पुरानी यादों को अलविदा कहने के लिए, शादी की तस्वीरें और उपहार जलाने का आयोजन हो। महोत्सव का अंत स्वतंत्रता बैलून उड़ाकर किया जाए, जो दोनों पार्टनर्स के नई शुरुआत का प्रतीक हो। जो लोग तलाकशुदा हैं, उनके लिए सिंगल्स क्लब का उद्घाटन किया जाए। यहां वे अपने जैसे नए दोस्त बना सकें। तलाक महोत्सव को इंस्टाग्राम और फेसबुक पर लाइव किया जाए, ताकि बाकी लोग भी इस ट्रेंड से प्रेरित हो सकें। महोत्सव के अंत में दोनों पार्टनर अपने-अपने फ्यूचर प्लान का खुलासा करते हुए एक दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश करते रहें।

## विदेश की खबरें

### चुनाव कराने के लिए सरकार की ओर से तय समयसीमा का पालन किया जाएगा: बांग्लादेश निर्वाचन आयोग

**ढाका :** बांग्लादेश के निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि वह अंतरिम सरकार द्वारा निर्धारित समय पर आम चुनाव कराएगा। उसने साथ ही स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से चुनाव कराये जाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। समाचार पत्र 'ढाका ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) एएमएम नासिर उद्दीन ने यह टिप्पणी एक कार्यक्रम के दौरान की। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के तहत मतदाता सूचियों को अद्यतन करने के लिए आवश्यक तकनीकी उपकरण सौंपे गये। निर्वाचन आयोग को यूएनडीपी से आंकड़ों के संग्रहण के लिए 175 लैपटॉप, 200 स्कैनर और 4,300 बैग प्राप्त हुए। समाचार पोर्टल 'बीडीन्यूज24' ने सीईसी के हवाले से कहा, "हम माननीय मुख्य सलाहकार द्वारा घोषित समय-सीमा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और इस दिशा में काम कर रहे हैं। पिछले महीने मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा था कि देश में अगला आम चुनाव 2025 के अंत तक या 2026 के शुरुआत महीनों में हो सकता है।

### शपथ ग्रहण की पूर्व संध्या पर सत्ता में अपनी वापसी का जश्न मनाने वाले आयोजनों में शामिल हो रहे ट्रंप

**वाशिंगटन :** अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने शपथ ग्रहण समारोह की पूर्व संध्या पर वाशिंगटन में सत्ता में उनकी वापसी और उनके 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' अभियान की सफलता का जश्न मनाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों के मद्देनजर शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। उन्होंने अपने व्यक्तिगत सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किया, बीस जनवरी इससे जल्दी नहीं आ सकता! हर कोई, यहां तक कि वे लोग भी जिन्होंने शुरू में राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप और ट्रंप प्रशासन की जीत का विरोध किया था, बस यही चाहते हैं कि ऐसा हो। ट्रंप ने परंपरा कायम रखते हुए शनिवार की रात ब्लेयर हाउस में बिताई, जो व्हाइट हाउस (राष्ट्रपति कार्यालय) के सामने पेन्सिल्वेनिया एवेन्यू में राष्ट्रपति का आधिकारिक अतिथि निवास है। वह शहर से लगभग 30 मील पश्चिम में वर्जीनिया के स्टर्लिंग में अपने गोल्फ क्लब में एक पार्टी में शामिल होने के बाद ब्लेयर हाउस पहुंचे।


## वर्ग पहेली नं. 2981



**ऊपर से नीचे:-** 2) दंगा, 3) मानसिक आघात, 4) औषध, 5) प्रभावशाली, 7) दिन, 9) अनुसार; मानो; सदृश, 10) दिनांक, 12) अस्वीकृत, 14) एक त्योहार, 17) ढलान; दौड़ाकी, वृत्तांत, 19) ज़ंजीर, 22) पात्र, 23) आबद्ध होना 24) सालाना; ऐनुअल, 25) अत्यधिक; असीम, 26) डोलची; कैन, 27) शुष्क फल; ड्राई फ्रूट. *(उत्तर: अगले अंक में)*

**बायें से दायें:-** 1) एक पशु; *कैमेलोपार्ड*, 3) रंगहीन *(कपड़ा)*, 6) कार्ल मार्क्स का सिद्धांत; *कम्यूनिज़्म*, 8) कौआ, 10) संख्या, 11) भरना, 13) रेतीली भूमि; रैगिस्तान, 14) मूल्य का अनुपात; रेट, 15) थोक बिक्री का स्थान, 16) खरहा, 18) करवट; पड़ोस; कंधा-कलाई हाथ; आयाम, 19) बदरीफल, 20) अड़ियल, 21) औटा कर गाढ़ा और लच्छेदार किया हुआ मीठा दूध, 23) विभाजन, 27) परिश्रम, 28) ईश्वर सत्ता में अविश्वास, 29) शूर्पणखा *(रामायण)* के समान.

*पिछली पहेली का उत्तर*



शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2941

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 6 | | | | 4 | |
| | 1 | 7 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | 1 | | 7 |
| | | | 3 | | | 8 | | |
| 6 | | | | 4 | | | | |
| 4 | | | | | | | 2 | |
| | | | 5 | | 1 | | | |
| | | | | 7 | 8 | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2940 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 4 | 2 | 9 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 2 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 8 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 3 | 6 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 | 5 |
| 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 1 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 1 | 2 | 4 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 1 | 2 |

# किशोर क्रिकेटर की रहस्यमय मौत, एसएसकेएम अस्पताल में परिवार के हंगामे से फैला तनाव

❑ **किशोर के परिजनों की पुलिस के साथ भी तीखी नोकझोंक**

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के एसएसकेएम अस्पताल में एक किशोर क्रिकेटर की रहस्यमय मौत का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की दोपहर को हुई इस घटना को लेकर अस्पताल परिसर में तनाव फैल गया। कथित तौर पर, किशोर शनिवार सुबह से लापता था। अंततः रविवार को उसकी जानकारी मिली। दावा किया जा रहा है कि उसे साइंस सिटी के सामने से उठाकर ले जाया गया था। अस्पताल ने दावा किया कि किशोर की मौत भोजन विषाक्तता



के कारण हुई है। इस दिन, मृत किशोर के रिश्तेदारों ने अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि परिवार को सूचित किए बिना शव को मुर्दाघर ले जाया गया। यहां तक कि उनकी पुलिस के साथ भी हाथापाई हुई। मृतक की पहचान देव घोष (15) के रूप में की गई है। वह हसनाबाद के नपाड़ा का निवासी था। वह विभिन्न क्लबों के लिए क्रिकेट खेलता था। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, देव शनिवार की सुबह करीब 6 बजे घर से यह कहकर निकला था कि वह कोलकाता के टॉलीगंज में खेलने जा रहा है। लेकिन, 8 बजे के बाद से उसका कोई और सुराग नहीं मिला। मोबाइल फोन बंद था। इसके बाद, परिवार के सदस्यों ने हसनाबाद पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। लेकिन, कथित तौर पर, पुलिस ने कहा कि वे 24 घंटे बीत जाने तक कोई कार्रवाई नहीं कर सकेंगे। रविवार की सुबह परिवार को खबर मिली कि उनका बेटा एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती है। खबर मिलने पर परिजनों को पता चला कि साइंस सिटी में बस से उतरने के बाद देव को किसी ने उठा लिया था। वहां उसका बटुआ और मोबाइल फोन छीन लिया। आरोप है कि वहां उसे कुछ खिलाया गया। जब उसे एसएसकेएम अस्पताल लाया गया तो उसे दो इंजेक्शन दिए गए। परिवार का दावा है कि उस समय देव स्वस्थ था। डॉक्टरों ने बताया कि यह फूड पॉइजनिंग है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, देव को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। बाद में, उसकी मौत हो गई। इसके बाद, एसएसकेएम अस्पताल परिसर में तनाव फैल गया। देव की मां का दावा है कि परिवार को सूचित किए बिना शव को मुर्दाघर ले जाया जा रहा था। पुलिस पर असहयोग का आरोप भी लगाया गया है।

# उसे उसके किए की सजा मिलनी चाहिए : दोषी संजय राय की मां

**कहा... 'अकेले में रोऊंगी लेकिन सजा को नियति मानकर स्वीकार करूंगी'**

**कोलकाता, समाज्ञा**

आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय को दोषी करार दिया गया है। इस पूरे मामले में आज सियालदह कोर्ट सजा का ऐलान करेगी। इस बीच, दोषी संजय रॉय की मां मालती रॉय की प्रतिक्रिया सामने आई है। संजय रॉय की मां ने कहा कि अगर उनका बेटा दोषी है तो उसे उसके किए की सजा मिलनी चाहिए। भले ही, वह सजा फांसी की क्यों ना हो। रविवार की सुबह संजय की



मां ने संवाददाताओं से कहा कि एक महिला और तीन बेटियों की मां होने के नाते मैं उस महिला चिकित्सक की मां की पीड़ा और दर्द को महसूस कर सकती हूं। उन्होंने कहा कि यदि अदालत उसे फांसी पर लटकाने का निर्णय करती है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि उसका अपराध कानून की नजर में सिद्ध हो चुका है। उन्होंने कहा कि वह अकेले में रोएंगी लेकिन उसकी सजा को नियति मानकर स्वीकार करेंगी। इसके अलावा, जब पत्रकारों ने पूछा कि क्या अदालती सुनवाई के दौरान वहां गई थीं या थाने में रॉय से मिली थीं, इस पर संजय की मां ने कहा कि मैं क्यों जाऊंगी? यदि आरोप झूठे पाए जाते तो मैं खराब स्वास्थ्य के बावजूद उससे मिलने की कोशिश करती। तीन बहनों के भाई संजय की एक बहन की कई साल पहले मौत हो चुकी है।

# ममता सरकार ने देवचा पचामी कोयला ब्लॉक के लिए जारी किया ग्लोबल टेंडर

**बीरभूम/कोलकाता :** राज्य सरकार ने 5-6 फरवरी को कोलकाता में होने वाले बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) के आठवें एडिशन से पहले एशिया के सबसे बड़े और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े कोयला ब्लॉक देवचा पचामी के लिए ग्लोबल टेंडर जारी किया है। इस कदम से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कोयला उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करने की पुष्टि हुई है। राज्य सरकार के बयान के अनुसार, अगर यह परियोजना लागू होती है तो राज्य को 35,000 करोड़ रुपये का निवेश मिलेगा और कम से कम एक लाख लोगों को इसका लाभ मिलेगा। राज्य में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम 3 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इस बीच, राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत बीरभूम पहुंचे और इस महत्वाकांक्षी परियोजना के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए। फिलहाल, राज्य के मुख्य प्रशासनिक भवन के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि कोयला खदान से कोयला उठाने से पहले वहां पड़े मोटे पत्थरों को हटाना होगा। फिलहाल, करीब 376 एकड़ भूमि में बेसाल्ट निकालने के लिए टेंडर के माध्यम से एक संस्था को शामिल किया गया है। इससे 71.5 फीसदी राजस्व विकास निगम के खजाने में आएगा। इसके अलावा, भूमिगत कोयला गैसीफिकेशन का काम भी शुरू होगा।

# बांग्लार बाड़ी परियोजना के लिए निर्माण सामग्री अधिक कीमत पर नहीं बेची जानी चाहिए : बंगाल सरकार

**जिलाधिकारियों को परियोजना कार्य में तेजी लाने तथा लाभार्थियों को आवश्यक सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आवास परियोजनाओं के कारण निर्माण सामग्री की मांग बढ़ गई है। इस अवसर ने निर्माण सामग्री के ऊंचे दामों पर बेचे जाने की आशंका पैदा कर दी है। इसलिए जिलाधिकारियों को निर्माण सामग्री की कीमतों को नियंत्रित करने तथा उन्हें आम लोगों के लिए वहनीय बनाने के लिए कदम उठाने को कहा गया है। बांग्लार बाड़ी परियोजना के तहत सरकारी धनराशि प्राप्त करने वालों को निर्माण सामग्री अधिक कीमत पर नहीं बेची जानी चाहिए। नवान्न ने इस संबंध में ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को निर्देश भेजे। जिलाधिकारियों को परियोजना कार्य में तेजी लाने तथा लाभार्थियों को आवश्यक सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

पंचायत कार्यालय को पता चला है कि हालांकि, बांग्लार बाड़ी परियोजना के लिए धनराशि लाभार्थियों तक पहुंच गई है, लेकिन कई मामलों में घरों का निर्माण शुरू नहीं हुआ है। ऐसे में राज्य सरकार परियोजना की प्रगति की समीक्षा कर उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए कदम उठाना चाहती है। परियोजना के तहत लगभग 12 लाख लोगों को पहले ही धनराशि मिल चुकी है। लेकिन आवास निर्माण कार्य की प्रगति की निगरानी के लिए संबंधित क्षेत्रों में अधिकारियों को भेजने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। केवल सर्वेक्षण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय स्तर पर आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। राज्य सरकार ने इस संबंध में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को रोकने के लिए 'फील्ड वेरिफिकेशन' ऐप लांच किया है, जिसके माध्यम से परियोजना की प्रगति की बेहतर निगरानी की जा सकेगी। अधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करने तथा इस ऐप का उपयोग करके परियोजनाओं का निरीक्षण करने पर जोर दिया गया है। इसके अलावा, सहायता केंद्रों पर सरकारी सेवाएं ठीक से काम कर रही हैं या नहीं, इसकी भी जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक उपभोक्ता को वह लाभ मिले जिसके वह हकदार हैं तथा वे निर्धारित समय के भीतर अपने मकान का निर्माण पूरा कर सकें। नवान्न स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक निगरानी और पहल बढ़ाकर परियोजना के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना चाहते हैं। इस परियोजना के माध्यम से बेघर लोगों के सिर पर छत सुनिश्चित करने तथा राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को और गति देने का प्रयास किया जा रहा है।

# आरजीकर पीड़िता के माता-पिता का दावा, घटना वाली रात मेरी बेटी के साथ चार और लोग थे

**कहा... 'इस अपराध में कुल 50 लोग शामिल हैं'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दरिंदगी की शिकार आरजीकर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल की प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के माता-पिता ने रविवार को दावा किया है कि घटना वाली रात रात उनकी बेटी के साथ उसके चार सहकर्मी भी मौजूद थे। उन्होंने दावा किया कि इस अपराध में कुल 50 लोग शामिल हैं। उन्होंने सीबीआई को यह सभी बातें बताई हैं। पीड़िता के माता-पिता ने कहा कि न तो सीबीआई और न ही पुलिस ने उचित जांच की। उन्हें नहीं लगता कि संजय को सजा सुनाए जाने के बाद न्याय हुआ है। उनका मानना है कि जांच में कई चूक हुईं




और कई बातों को गंभीरता से नहीं लिया गया। अस्पताल स्टाफ के सहयोग के बिना यह संभव नहीं होता। उनका दावा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कई विसंगतियां थीं। हमने सीबीआई को बार-बार दो लोगों शरीफ और मौत्रिशा गोराई के नाम बताए। लेकिन, सीबीआई ने उनसे पूछताछ नहीं की।

# दुआरे सरकार शिविर : त्योहार जैसा माहौल बनाने के निर्देश, सरकार ने जारी किए 11 सूत्रीय दिशानिर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में एक बार फिर दुआरे सरकार शिविर की शुरुआत 24 जनवरी से होने जा रही है। इस बार, राज्य सरकार के 37 योजनाओं और सेवाओं का लाभ नागरिक उठा सकेंगे। इन शिविरों के संचालन को लेकर शनिवार की देर शाम को नवान्न ने 11 सूत्रीय दिशा-निर्देश जारी किए। निर्देशों में स्पष्ट कहा गया है कि शिविरों का आयोजन त्योहार जैसे सकारात्मक माहौल में किया जाए। यह दुआरे सरकार शिविर का नौवां संस्करण होगा। शिविर में 18 विभागों की 37 योजनाओं के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। प्रत्येक पंचायत में दो से तीन शिविर अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे। जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिविर स्थलों का चयन किया जाएगा। स्कूल, कॉलेज या सामुदायिक भवनों में शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिकतम लोग एकत्र हो सकें। पिछली बार जिन इलाकों में कम शिविर हुए थे, वहां इस बार प्राथमिकता दी जाएगी। पंचायत क्षेत्र की जनसंख्या के आधार पर शिविरों की संख्या तय की जाएगी। छोटे वार्डों के लिए एक ही शिविर में आवेदन स्वीकार किए जा सकते हैं। दुर्गम क्षेत्रों में शिविरों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए मोबाइल शिविर लगाए जाएंगे। कुल शिविरों का 30 प्रतिशत मोबाइल शिविरों के रूप में आयोजित होगा। शिविर के समय, स्थान और तिथियों का निर्धारण इस प्रकार किया जाएगा कि अधिकतम लोग लाभान्वित हो सकें। शिविरों के दौरान आवेदनकर्ताओं की जानकारी को सटीकता से दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। शिविरों के प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया गया है। सोशल मीडिया का उपयोग शिविरों के पहले, दौरान और बाद में प्रचार के लिए किया जाएगा। स्वयं सहायता समूहों को इन शिविरों में भाग लेने और अपनी सामग्री बेचने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। कन्याश्री क्लब की सदस्याओं को भी शिविर में भाग लेने का निर्देश दिया गया है। इस बार, शिविर में एक फरवरी तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे और 28 फरवरी तक इनका प्रसंस्करण पूरा कर लिया जाएगा। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि इन शिविरों में नागरिकों को सकारात्मक और सहज अनुभव प्राप्त हो।

# इलाज में लापरवाही से मरीज की मौत, बेहाला के नर्सिंग होम पर गंभीर आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेहाला के राजा राममोहन राय रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम पर इलाज में लापरवाही के कारण मरीज की मौत का आरोप लगा है। इससे स्थानीय लोगों और मृतक के परिजनों में आक्रोश फैल गया। कोविड काल के दौरान भी इस नर्सिंग होम की चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल उठे थे और यह स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के दायरे में आया था। सूत्रों के अनुसार, दक्षिण 24 परगना के नोडाखाली थाना क्षेत्र के निवासी अक्षय मंडल शुक्रवार रात पेट दर्द की शिकायत लेकर एक सरकारी अस्पताल जा रहे थे। एंबुलेंस चालक ने उन्हें बेहाला के इस नर्सिंग होम में भर्ती होने की सलाह दी, यह कहते हुए कि यहां बेहतर इलाज मिलेगा। मरीज को नर्सिंग होम में भर्ती किया गया, और शुरू में स्थिति सामान्य दिखी।



परिजनों का आरोप है कि शुक्रवार रात डॉक्टर ने मरीज को देखा, लेकिन शनिवार को सुबह से कोई डॉक्टर मरीज को देखने नहीं आया। देर शाम 5 बजे डॉक्टर पहुंचे, लेकिन तब तक अक्षय मंडल की मौत हो चुकी थी। परिवार का कहना है कि समय पर इलाज मिलने से इस घटना को टाला जा सकता था। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने नर्सिंग होम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बेहाला थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को सामान्य किया।

# निष्क्रिय पार्षदों पर कड़ा रुख, जनता से सीधे संपर्क की अपील : मदन मित्रा

**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कामरहाटी के विधायक मदन मित्रा ने बेलघरिया के एक सार्वजनिक कार्यक्रम में निष्क्रिय पार्षदों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने जनता से कहा कि जो पार्षद काम नहीं करते और जनता को नौकर समझते हैं, उन्हें अनदेखा करें और किसी भी समस्या के लिए सीधे उनसे संपर्क करें। मदन मित्रा ने जनता से कहा, जो पार्षद आपके काम नहीं करते, उन्हें कोई महत्व न दें। ममता दीदी के नाम का इस्तेमाल करते हुए उन्हें यह स्पष्ट कर दें कि मैंने कहा है, उनकी परवाह करने की जरूरत नहीं है।



उन्होंने अपना फोन नंबर भी साझा करते हुए कहा कि लोग सीधे उन्हें शिकायत कर सकते हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए मदन मित्रा ने कहा, आपके आशीर्वाद और समर्थन से वे पार्षद बने हैं। यदि तृणमूल का नाम हटा दिया जाए, तो कोई उन्हें पहचान भी नहीं पाएगा। अगर किसी ने मेरे पास आकर कहा कि मैंने फोन किया लेकिन काम नहीं हुआ, तो मैं तुरंत इस्तीफा दे दूंगा। मैं काम में देरी कर सकता हूं, लेकिन काम न करना मेरे स्वभाव में नहीं है।

मित्रा ने राज्य सरकार की 'दुआरे सरकार' पहल का हवाला देते हुए कहा, हम जनता के दरवाजे पर आ रहे हैं। जो भी जरूरतें हैं, हमें बताएं, हम उन्हें पूरा करेंगे। मदन मित्रा के इस बयान को क्षेत्र के निष्क्रिय पार्षदों के खिलाफ जनता से मिली शिकायतों की प्रतिक्रिया माना जा रहा है। उनके इस रुख से पार्टी में अनुशासन बनाए रखने और जनता का विश्वास बहाल करने का प्रयास स्पष्ट होता है।

## फर्जी दस्तावेजों के जरिए पासपोर्ट बनाने के आरोप में भाजपा समर्थक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी दस्तावेजों के बदले पासपोर्ट बनवाने के आरोप में इस बार बारासात पुलिस ने एक भाजपा समर्थक को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त का नाम इंद्रजीत दे है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को पुलिस ने बारासात के कालीपुकुर इलाके से आरोपी भाजपा समर्थक को गिरफ्तार किया है। जांचकर्ताओं को पता चला कि पिछले नगरपालिका चुनाव के दौरान उसने वार्ड 27 के भाजपा उम्मीदवार के लिए काम किया था। इस दिन, उसे बारासात अदालत में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने तीन दिन की पुलिस हिरासत का आदेश दिया। बारासात जिला पुलिस सूत्रों के अनुसार, इंद्रजीत लाखों रुपये लेकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट बनवाता था। पुलिस को प्राथमित रूप से पता चला है कि वह 'पासपोर्ट समीर' यानी गिरफ्तार समीर दे से जुड़ा हुआ था। गुप्त सूत्र से सूचना मिलने के बाद पुलिस इंद्रजीत दे की तलाश में निकल पड़े। अंततः रविवार को उसे कालीपुकुर से गिरफ्तार किया गया। जांचकर्ताओं का मानना है कि उसके पीछे एक बड़ा समूह काम कर रहा है। पुलिस इंद्रजीत से हिरासत में पूछताछ करके इन सवालों के जवाब ढूंढना चाहती है।

# राज्य के सभी किसानों को शस्य बीमा के तहत लाने का निर्देश : कृषि मंत्री

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के कृषि मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने इस महीने के अंत तक सभी किसानों को शस्य बीमा योजना के तहत लाने का निर्देश दिया है। राज्य में अब तक लगभग 21 लाख किसान बंगाल शस्य बीमा योजना का लाभ उठा चुके हैं। रबी फसल के इस मौसम में किसानों को योजना से जोड़ने का कार्य तेजी से चल रहा है, जो 31 जनवरी तक पूरा किया जाएगा। राज्य सरकार ने किसानों के लिए शस्य बीमा के तहत 350 करोड़ रुपये का प्रीमियम पहले ही जमा कर दिया है। खरीफ फसल के दौरान क्षतिग्रस्त फसलों के लिए मुआवजे की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी गई है।

इस सप्ताह कृषि मंत्री ने कृषि विभाग के सचिव ओंकार सिंह मीणा सहित सभी अधिकारियों के साथ



बैठक की। बैठक में निर्देश दिया गया कि 31 जनवरी तक राज्य के हर किसान को इस बीमा योजना के दायरे में लाया जाए। मंत्री ने कहा कि देश में केवल पश्चिम बंगाल सरकार ही किसानों के लिए शस्य बीमा का प्रीमियम वहन कर रही है। यह कदम राज्य के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने और फसलों के नुकसान की स्थिति में उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# डोमकल में पुलिस पर हमला मामले में तृणमूल के पूर्व पंचायत प्रधान का पति गिरफ्तार

**मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर हुई पांच**

**मुर्शिदाबाद :** जिले के डोमकल में पुलिस अधिकारियों पर हमला करने और चोरी के आरोप में गिरफ्तार युवक को छीनकर ले जाने की घटना में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामले में तृणमूल के पूर्व पंचायत प्रधान के पति को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त का नाम हफीजुल शेख है। इसके साथ ही पुलिस पर हमले के मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है। हालांकि, मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। सवाल उठ रहे हैं कि डोमकल में मुख्य आरोपी राणा की गिरफ्तारी कब होगी। बता दें कि



डोमकल में पुलिस पर हमला कर सोने के गहने चुराने के आरोपी राणा शेख को पुलिस से छुड़ाने की घटना घटी। आरोपी के परिवार के खिलाफ यह आरोप लगाया गया। पुलिस ने घटना में मदद करने के आरोप में पंचायत की पूर्व प्रधान और वर्तमान सदस्य तृणमूल कांग्रेस की मीना बीबी को गिरफ्तार किया। उनके बेटे मिनारुल शेख को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने राणा की पत्नी बैशाखी खातून और एक रिश्तेदार मोफेजुल इस्लाम शेख को भी गिरफ्तार कर लिया। इस बा,र मीना के पति हफीजुल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं। पड़ोसी इलाकों के पुलिस थानों को अलर्ट कर दिया गया है। पुलिस ने कहा कि उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कोलकाता में बिहार का युवक हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार





**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने बिहार के एक युवक को आग्नेयास्त्र और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह घटना शनिवार की देर रात आनंदपुर थाना अंतर्गत पश्चिम चौबागा इलाके में घटी। गिरफ्तार युवक का नाम अफगान खान (20) है। वह बिहार के गया जिले के मोगरा थाना अंतर्गत चोन्हा गांव का निवासी है। उसके पास से एक सात एमएम देशी पिस्तौल, मैगजीन और पांच कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार युवक से पूछताछ की गई ताकि पता लगाया जा सके कि उसे पिस्तौल कहां से मिली और यह वास्तव में किसकी थी। हालांकि, उसके बयान में विसंगतियां थीं। इसके तुरंत बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आनंदपुर पुलिस स्टेशन में आर्म्स एक्ट की धारा 25(1)(ए) और 29 के तहत उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# बीएसफ ने स्कूटी में छिपाकर तस्करी की जा रही 12.5 किलो चांदी के आभूषण किए जब्त

❑ **भारत-बांग्लादेश सीमा पर जवानों ने अलग-अलग अभियानों में तस्करी के कई प्रयासों को किया विफल**




**कोलकाता, समाज्ञा :** बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की विभिन्न बटालियनों के जवानों ने उत्तर 24 परगना, नदिया, मुर्शिदाबाद व मालदह जिलों में भारत बांग्लादेश सीमा पर शनिवार को अलग-अलग अभियानों में तस्करी के कई प्रयासों को विफल कर 12.5 किलो चांदी के आभूषण सहित 691 प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप की बोतलें, 22.8 किलो गांजा व 110 ग्राम संदिग्ध मादक पाउडर जब्त किए। इसके अलावा, 460 पीस क्लॉप जी मलहम, 45 मोबाइल फोन और दो दोपहिया वाहन जब्त करने के साथ आठ मवेशियों को भी तस्करी से बचाया। बीएसएफ ने रविवार को एक बयान में बताया कि तस्कर अलग-अलग सीमा इलाके से इन सामानों को सीमा पार कराकर भारत से बांग्लादेश में तस्करी की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि इसमें उत्तर 24 परगना में 143वीं वाहिनीं की सीमा चौकी बिठारी इलाके में जवानों ने नियमित तलाशी के दौरान एक स्कूटी से 12.5 किलो चांदी के आभूषण जब्त किए। हालांकि, जवानों को देख पकड़े जाने के डर से तस्कर स्कूटी को दूर में ही छोड़कर भाग निकलने में कामयाब रहा। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह करीब 10.45 बजे सीमा चौकी बिठारी इलाके में नियमित चेकिंग के दौरान जवानों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को स्कूटी पर आते देखा। जवानों को देखकर वह दूर से स्कूटी को छोड़कर भाग गया। जवानों ने स्कूटी की गहन तलाशी ली तो फुटरेस्ट में भूरे रंग के पैकेट से चांदी बरामद हुए। स्कूटी की तेल की टंकी के अंदर भी छुपाए हुए चांदी के आभूषण बरामद हुए। जब्त चांदी का कुल वजन 12.530 किलो है, जिसकी अनुमानित कीमत 9.86 लाख रुपये है। जब्त सामानों को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है। वहीं, मवेशियों को ई-टैगिंग के बाद ध्यान फाउंडेशन को सौंप दिया जाएगा। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के प्रवक्ता व डीआईजी नीलोत्पल कुमार पांडे ने बताया कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी व घुसपैठ को रोकने के लिए बीएसएफ सख्त कदम उठा रही है, जिसके चलते ऐसे तत्वों के मंसूबे लगातार विफल हो रहे हैं।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# मालदह में तृणमूल पार्षद की हत्या मामले में बिहार से शार्प शूटर गिरफ्तार

## अबतक मामले में आठ गिरफ्तारी, दो आरोपियों की तलाश जारी

**मालदह :** तृणमूल पार्षद बाबला सरकार की हत्याकांड में बंगाल पुलिस ने बिहार से एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी को ट्रांजिट रिमाण्ड पर बंगाल ले आई है। पुलिस के अनुसार, पुलिस ने बिहार के पूर्णिया से मोहम्मद असरार (22) को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि असरार तृणमूल पार्षद बबला सरकार की हत्या में शामिल है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुपारी लेकर तृणमूल पार्षद



बाबला सरकार की हत्या करने वाले चार हत्यारों में से एक मो. असरार अबतक फरार था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बदमाशों ने तृणमूल नेता की हत्या के लिए दो योजनाएं बनाई थीं। यदि पहली योजना विफल हो जाती, तो दूसरी योजना के तहत शार्प शूटर मो. असरार, पार्षद पर गोली चलाता। मामले में कईयों की गिरफ्तारी हो चुकी थी, लेकिन गिरफ्तार असरार फरार चल रहा था। सूत्रों से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उसे बिहार के पूर्णिया जिले के बाईसी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस घटना में अब तक कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें आपराधिक कुख्यात शमी अख्तर और अब्दुल गनी भी शामिल हैं। वहीं, तृणमूल के ही एक नेता नरेन्द्रनाथ तिवारी को हत्या की योजना बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उनके करीबी नेता स्वपन शर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि, आरोपी रोहन रजक और बबलू यादव अभी भी फरार हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि वे बार-बार अपना ठिकाना बदल रहे हैं। पुलिस का दावा है कि अन्य आरोपी भी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# आसनसोल में 25 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

## उड़ीसा से धनबाद के रास्ते आसनसोल भेजा गया था गांजे का खेप

**आसनसोल :** आसनसोल साऊथ पुलिस फाड़ी ने गुप्त सुचना के आधार पर आसनसोल के फतेहपुर स्थित बराचक स्टेशन रोड इलाके में योजना बद्ध तरीके से एक टीम गठित कर छापेमारी की, छापेमारी मे उन्होंने एक टोटो पर सवार एक शख्स को पकड़ा जिसके पास से पुलिस ने चार बैग बरामद किये। इन चार बैगों मे करीब 11 पैकेट में गांजा पैक था, जिसका वजन करीब 25 किलो बताया जा रहा है। यह गांजा उड़ीसा के मुनिगुड़ा से झारखंड धनबाद के रास्ते आसनसोल मे सफलाई होना था, जिससे पहले ही गांजे का वह खेप पुलिस के हाथ लग गया और पुलिस ने गांजे के खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त का नाम दुर्गेश सिंह है। वह आसनसोल मोहिशीला का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों की माने तो



गांजे के खेप के साथ पकड़ा गया आरोपी उड़ीसा के मुनिगुड़ा से गांजे का खेप लेकर पहले झारखंड के धनबाद पहुंचा जिसके बाद वह लोकल ट्रेन के माध्यम से बराचक स्टेशन पहुंचा। स्टेशन पहुंचकर उसने एक टोटो बुक किया और वह आसनसोल के मोहिशीला के लिये निकल गया। उसी दौरान पहले से रास्ते मे घात लगाकर बैठी पुलिस ने आरोपी को गांजे के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया और उसको गिरफ्तार कर थाने ले गई। फिलहाल, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और गांजे की इस अंतराज्य तस्करी मे और कौन -कौन लोग शामिल हैं उसकी जानकारी भी जुटाने की कोशिश कर रही है।

### निर्माणाधीन मार्केट की छत गिरी, 5 मजदूर घायल, मचा हड़कंप

**कोलकाता :** नदिया जिले, के दत्ता बाजार इलाके में रविवार सुबह एक निर्माणाधीन मार्केट की छत ढलाई के दौरान अचानक ढह गई। इस हादसे में 5 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घायलों को तुरंत मलबे से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, राणाघाट के अनुलिया इलाके के दत्ता बाजार में लंबे समय से सड़क पर बाजार लगता था। इसके चलते वहां स्थायी मार्केट बनाने का निर्णय लिया गया और निर्माण कार्य शुरू हुआ। रविवार सुबह मार्केट की छत ढलाई का काम चल रहा था, तभी यह हादसा हो गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई, जिससे यह दुर्घटना हुई। पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

# मरीजों के परिवार से दुर्व्यवहार पर सख्त सजा, नर्सों को सिखाए जाएंगे शिष्टाचार

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वास्थ्य विभाग ने एक नई पहल के तहत नर्सों को 'एबीसीडी' पर प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। यहां 'एबीसीडी' का अर्थ अंग्रेजी वर्णमाला नहीं, बल्कि नर्सों के व्यवहार और समर्पण से जुड़ी चार मुख्य विशेषताओं से है- एटीट्यूड (आचरण), बिहेवियर (व्यवहार), कम्युनिकेशन स्किल (संचार कौशल), और डेडिकेशन (समर्पण)। यह निर्देश राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने एक अधिसूचना के माध्यम से जारी किया। राज्य सरकार ने हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए यह कदम उठाया है, जिसमें नर्सों के दुर्व्यवहार और रोगियों के परिवारों के प्रति संवेदनहीनता की शिकायतें सामने आई थी। स्वास्थ्य भवन का मानना है कि नर्सें डॉक्टरों और रोगियों के परिवारों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होती हैं। इसलिए उनका आचरण और समर्पण न केवल रोगियों की सेवा बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र के लिए बेहद अहम है।

स्वास्थ्य विभाग की अधिसूचना के अनुसार, कई मामलों में यह पाया गया है कि नर्सें रोगियों के परिवारों से उचित व्यवहार नहीं करतीं। मरीजों के परिवारों को अक्सर आवश्यक जानकारी नहीं मिल पाती है। इसके अलावा, दवाइयों की वैधता और बैच नंबर की जांच में भी कुछ नर्सों की लापरवाही की शिकायतें सामने आई हैं। इसका दुष्प्रभाव डॉक्टरों पर भी पड़ता है। स्वास्थ्य विभाग का यह कदम राज्य के स्वास्थ्य तंत्र में सुधार लाने और नर्सों की भूमिका को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए उठाया गया है।

# आरजीकर के सभी षड्यंत्रकारियों को सजा नहीं मिलने तक न्याय नहीं मिलेगा : दिलीप घोष

❑ **भाजपा नेता ने कहा... 'सभी षड्यंत्रकारियों को दंडित नहीं किया गया तो अदालतों से लोगों का उठ जाएगा विश्वास'**

**बर्दवान :** कोलकाता की एक विशेष अदालत द्वारा सरकारी आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की जूनियर महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में मुख्य आरोपित सिविक वॉलंटियर संजय राय को दोषी ठहराए जाने के एक दिन बाद वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप घोष ने रविवार को दावा किया कि जब तक इस जघन्य अपराध के पीछे के सभी षड्यंत्रकारियों की पहचान नहीं हो जाती और उन्हें दंडित नहीं किया जाता, तब तक न्याय नहीं मिलेगा। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद घोष ने पत्रकारों से



बातचीत में कहा कि इस जघन्य अपराध के पीछे के सभी षड्यंत्रकारियों की पहचान की जानी चाहिए और उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। अन्यथा, आम लोगों का न्याय व्यवस्था पर से विश्वास उठ जाएगा। दिलीप घोष के अनुसार, आरजीकर घटना में बहुत बड़ी साजिश शामिल है। भाजपा नेता ने कहा कि मुझे लगता है कि जल्द से जल्द इस बड़ी साजिश का खुलासा होना चाहिए। अदालत को सीबीआई को यह पता लगाने का निर्देश देना चाहिए कि इस अपराध के पीछे वास्तव में कौन है। दिलीप घोष के अनुसार, सभी को देश की न्याय व्यवस्था पर भरोसा है, लेकिन यह भी सच है कि आम लोगों और नागरिक समाज के एक बड़े वर्ग को लगता है कि इस पूरे अपराध में संजय राय अकेले शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कोलकाता पुलिस की भूमिका के बारे में मुझे और कुछ नहीं कहना है। लेकिन सीबीआइ की जांच प्रक्रिया भी सवालों से परे नहीं है।

# कूचबिहार में बालू लदे ट्रक की चपेट में आकर पिता-पुत्र की मौत

**कूचबिहार :** जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत दीवानबास इलाके में रविवार की सुबह एक ट्रक की चपेट में आकर एक पिता-पुत्र की मौत हो गई। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दोनों मृतकों की पहचान मदन मंडल (50) और मृदुल मंडल (25) के रूप में हुई है। वे निशिगंज के निवासी थे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह में एक पिता और पुत्र अपनी बाइक पर बाजार गए। दोनों लोग खरीदारी के बाद अपनी बाइक पर चलमारी इलाके से लौट रहे थे। दीवानबास में सड़क पर आने के कुछ ही देर बाद विपरीत दिशा से रेत से ट्रक ने उनके मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पिता-पुत्र जमीन पर गिर पड़े। ट्रक के पिछले पहिये ने उन्हें कुचल दिया। दो लोगों की मौके पर ही मौत




हो गई। इस घटना से इलाके में तनाव फैल गया। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेत से लदे ट्रक इस क्षेत्र से अनियंत्रित गति से गुजर रहे हैं। पुलिस से पहले भी सड़क पर वाहनों की गति को नियंत्रित करने का अनुरोध किया गया था। फिर भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता-पुत्र की मौत से परिवार व क्षेत्र में शोक की लहर है।

# दुर्गापुर में बंद कारखाने से प्रवासी मजदूरों का शव बरामद

**पश्चिम बर्दवान :** जिले के दुर्गापुर के बामुनारा औद्योगिक इलाके में रविवार को दो श्रमिकों के शव मिले। पुलिस व स्थानीय सूत्रों ने उक्त जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृत मजदूरों के नाम त्रिभुवन ठाकुर और ज्ञानी वर्मा है। दोनों उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। इनके शव दुर्गापुर के बामुनारा औद्योगिक इलाके में स्थित एक बंद निजी कारखाने में स्थित श्रमिक आवास पुलिस ने रविवार की सुबह बरामद किए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह फैक्ट्री इस महीने की आठ तारीख से बंद थी। ये श्रमिक लंबे समय से फैक्ट्री के अंदर आवास में रह रहे थे। गांव से दोनों मजदूरों के एक रिश्तेदार आए और उन्हें बुलाया, दरवाजा नहीं खुलने पर दरवाजा तोड़ दिया गया। दोनों मजदूरों को घर के अंदर बिस्तर पर पड़ा पाया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर कांकसा थाने की पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए दुर्गापुर महकमा अस्पताल भेज दिया।

पुलिस घटना की जांच शुरू कर चुकी है। मौत की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि यह घटना बंद कमरे में आग जलाकर सोने के कारण हुई। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पीएम रिपोर्ट का इंतजार पुलिस कर रही है।

# ऑक्सफोर्ड हाईस्कूल के वार्षिक समारोह में बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन

**हावड़ा :** हावड़ा के शरत सदन सभागार में ऑक्सफोर्ड हाईस्कूल के वार्षिक समारोह में बच्चों की प्रस्तुति ने जमकर लोगों की तालियां बटोरीं। मौके पर अतिथि के तौर पर हावड़ा नगर निगम के मुख्य प्रशासक, डॉ सुजय चक्रवर्ती, डीसीपी साउथ सुरेंद्र सिंह, हावड़ा सिटी पुलिस, ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल के प्रिंसिपल एस.सी.दुबे, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय सिंह, सेना के अधिकारी सुनील कुमार सिंह व अन्य मौजूद थे। डांसिंग किड्स, फ्रेगरेंस ऑफ पंजाब, रिदम ऑफ जॉय, मिथिला टू गुजरात व अन्य विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों को इस कार्यक्रम के लिए बखूबी तैयार किया स्कूल की शिक्षिका एस.दास, आर.गुप्ता, एम.बनर्जी,एफ दास, वी.गुप्ता, एम सिंह, एम.पार्सी, ए.रावत





व अन्य ने। वहीं पी.राहा ने कराटे सेल्फ डिफेंस को बखूबी बाल मन से स्टेज पर प्रस्तुत करवाया। मौके पर निगम के मुख्य प्रशासक डॉ सुजय चक्रवर्ती ने कहा कि स्कूल काफी बेहतर काम कर रहा है। नई सोसाइटी को तैयार करने के साथ ही जीवन के सही मूल्यों को समझाया जा रहा है। यहाँ के बच्चे आगामी दिनों में स्कूल के साथ ही हावड़ा, बंगाल व देश का नाम रोशन करेंगे। अच्छा अभिभावक होना आज काफी चुनौती है। एक बच्चों का डॉक्टर होने के नाते यह सलाह है कि बच्चों की जिम्मेवारी के प्रति काफी सतर्क रहें। मौके पर स्टूडेंट आफ दी ईयर का खिताब प्राइमरी सेक्शन के आरुष पाण्डेय व सेकेंड्री सेक्शन में सौम्य पात्र को मिला। डीसीपी साउथ हावड़ा सिटी पुलिस, सुरेंद्र सिंह ने कहा कि स्कूल में जो बच्चा सीख जाएगा, वह उसे जीवन भर सिखाता है। बच्चों के जीवन में हमारा घर, हमारा परिवार भी बड़ी भूमिका निभाते हैं। गलत रास्ते हमेशा अक्सर आकर्षित करते हैं, लेकिन आपको जीवन के सही मूल्यों को समझकर आगे बढ़ना होगा। सभी में काबिलियत है, ऐसे में निराश न हों। आगे बढ़ते रहें। आपकी मेहनत व लगन एक दिन रंग लाएगी। स्कूल के प्रिंसिपल एस.सी.दुबे ने लोगों का स्वागत किया।

# तेज रफ्तार ट्रक ने श्रमिक को कुचला, स्थानीय लोगों में आक्रोश

**कोलकाता, समाज्ञा**

नरेंद्रपुर थाना क्षेत्र के बोराल के सरल दीघी इलाके में मंगलवार रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार श्रमिक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 54 वर्षीय जयदेव पाल के रूप में हुई, जो भट्टाचार्य पाड़ा इलाके का निवासी था और एक केक फैक्ट्री में काम करता था। घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। नाराज स्थानीय लोगों ने पुलिस को घेरकर विरोध प्रदर्शन किया और ट्रक को क्षतिग्रस्त कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। स्थानीय निवासियों ने दावा किया कि रात में पुलिस की निगरानी की कमी और अंधेरे के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इलाके में स्ट्रीट लाइट की अनुपस्थिति और खराब सीसीटीवी कैमरों के कारण असामाजिक गतिविधियां भी बढ़ रही हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पार्षद विश्वजीत दास मौके पर पहुंचे और नाराज निवासियों से बातचीत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इलाके में स्ट्रीट लाइट और स्पीड ब्रेकर की व्यवस्था जल्द की जाएगी। पुलिस ने आरोपी ट्रक को जब्त कर लिया है और ट्रक चालक व खलासी को हिरासत में ले लिया है।

### उत्तरबंग एक्सप्रेस और दुरंतो एक्सप्रेस अब हावड़ा स्टेशन से होंगी संचालित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा बाली घाट और बाली हॉल्ट स्टेशनों के बीच आरयूबी के निर्माण कार्य के चलते 13147/13148 उत्तरबंग एक्सप्रेस और 22201/22202 दुरंतो एक्सप्रेस को हावड़ा स्टेशन से संचालित करने का निर्णय लिया है। यह बदलाव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लागू होगा। इसके तहत, 13148 बामनहाट-सियालदह उत्तरबंग एक्सप्रेस 22 जनवरी से 25 जनवरी तक बामनहाट से चलकर हावड़ा स्टेशन पर समाप्त होगी। 13147 सियालदह-बामनहाट उत्तरबंग एक्सप्रेस 23 जनवरी से 26 जनवरी तक हावड़ा स्टेशन से रात 8:10 बजे रवाना होगी। वहीं, 22202 पुरी-सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस 23 जनवरी और 25 जनवरी को पुरी से चलकर हावड़ा स्टेशन पर समाप्त होगी। 22201 सियालदह-पुरी दुरंतो एक्सप्रेस 24 जनवरी और 27 जनवरी को हावड़ा स्टेशन से रात 8:00 बजे रवाना होगी। यह बदलाव रेलवे के निर्माण कार्य के सुचारू संचालन के लिए अस्थायी रूप से किया गया है।

# खिदिरपुर उत्सव का भव्य रंगारंग सद्भावना कार्यक्रम का समापन



**कोलकाता :** महानगर कोलकाता के 16वें खिदिरपुर उत्सव का भव्य रंगारंग सद्भावना कार्यक्रम का आज समापन हुआ। मीडिया कर्मियों के साथ बातचीत में खिदिरपुर उत्सव के महासचिव व युवा तृणमूल नेता राजेश कुमार साव ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, यह कार्यक्रम पूरी तरह से सामाजिक व जन जन के लिए है और हर साल यह उत्सव मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में 2000 बच्चों ने अपनी चित्रकला का प्रतिभा दिखाया तो बच्चों ने विभिन्न वेशभूषा में अभिनय किया। वही कार्यक्रम में जरुरतमंद 10 हजार लोगों को कंबल, 10 हजार महिलाओं को साड़ी वितरण किया गया तो 1200 लोगों ने रक्तदान किया। उक्त कार्यक्रम में बाबन बनर्जी, मुस्तफिज हाशमी, पार्षद निजामुद्दीन शम्स, पार्षद शमीमा रेहान खान, अलीपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष जगदीश यादव, डॉ. रेहान अदनान खान व विभिन्न धर्मों के धर्म गुरु उपस्थित रहें।

# श्री जैन विद्यालय, कोलकाता का वार्षिक खेल दिवस महोत्सव

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय, कोलकाता ने अपने वार्षिक खेल दिवस का आयोजन रविवार को सैलेन मन्ना स्टेडियम (डालमियां पार्क) में बड़े उत्साह और जोश के साथ किया। यह दिन खेल और अनुशासन के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए विशेष बना। इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह प्रधानाचार्य द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय के छात्रों द्वारा मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसमें उनके अनुशासन और एकता की झलक देखने को मिली। इस विशेष आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मनोज बोथरा, ललित कंकरिया और अशोक मिनी उपस्थित थे। इनके साथ ही विद्यालय के प्रमुख संरक्षक सरदारमल कांकरिया ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मुख्य अतिथियों ने खेलकूद और शारीरिक विकास के महत्व पर अपने



विचार साझा किए। इस आयोजन में राष्ट्रीय स्तर की एथलीट रश्मि शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए अपने अनुभव साझा किए और खेल में अनुशासन और मेहनत के महत्व को समझाया। खेल प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़, रिले रेस, शॉट पुट और रिले रेस जैसी कई रोमांचक गतिविधियां शामिल थीं। मुख्य अतिथियों ने विजेताओं को मेडल पहनाए और उनकी मेहनत और सफलता की सराहना की। इस कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार पांडेय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ अपने वक्तव्य में बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि सिर्फ जीतना एकमात्र लक्ष्य नहीं होना चाहिए खेल में भाग लेना अपने आप में बड़ा कार्य है । उन्होंने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और खेल दिवस को सफल बनाने के लिए शिक्षकों, आयोजकों और छात्रों की मेहनत की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन सुमिता कौशिक और सुपर्णा दास द्वारा संपन्न हुआ।

# तृणमूल में शामिल हो सकते हैं पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉन बारला, बोले... 'दिल्ली से लौटकर लूंगा फैसला'

**अलीपुरद्वार :** पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री जॉन बारला तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो वह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इसी महीने अलीपुरदुआर दौरे के दौरान तृणमूल का झंडा थाम लेंगे। बता दें कि 2024 के लोकसभा चुनाव में अलीपुरद्वार निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा का टिकट न मिलने पर बारला ने पार्टी से दूरी बना लिया था। टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार और पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज टिग्गा को लेकर विवादित बयान दिया था। जॉन ने लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए प्रचार नहीं किया था। इसके बजाय उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान मनोज का विरोध किया। इसके बाद से भाजपा और बारला के बीच दूरी बढ़ गई। जॉन बारला ने बताया कि मैं सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो सकता



हूं। यह आश्चर्य की बात नहीं है। फिलहाल, मैं दिल्ली में हूं क्योंकि मेरी पत्नी बीमार हैं। वहां से वापस आकर कोई निर्णय लूंगा। भाजपा ने मुझे धोखा दिया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में चाय बेल्ट वोट बैंक के लिए बारला पर भरोसा किया था। बारला ने भी इसका जवाब अलीपुरद्वार सीट जीतकर दिया। लेकिन बाद में सांसद बारला को लेकर अलीपुरद्वार जिला भाजपा और मतदाताओं में तीव्र असंतोष फैल गया। इसलिए, भाजपा ने 2024 में उन्हें दोबारा टिकट नहीं दिया।

# पूर्व रेलवे खेल संघ ने पहली खेल प्रतियोगिता का किया सफल आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे खेल संघ द्वारा पहली खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। 18 और 19 जनवरी को आयोजित इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न स्थानों जैसे बेहाला, माजेरहाट और बेल्वेडियर क्लब में किया गया। इस आयोजन में पूर्व रेलवे के चार मंडलों-सियालदह, हावड़ा, आसनसोल और मालदह के साथ-साथ तीन वर्कशॉप्स-कांचरापाड़ा, लिलुआ और जमालपुर और मुख्यालय से रेलवे कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतियोगिता में पुरुष और महिला प्रतिभागी, साथ ही कर्मचारियों के बच्चे भी शामिल हुए। प्रतियोगियों ने बॉक्स क्रिकेट, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और रस्साकशी जैसे खेलों में हिस्सा लिया। समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर मुख्य



अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सीमा देउस्कर, पूर्व रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष सत्यकी नाथ और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस खेल प्रतियोगिता में सियालदह मंडल ने कुल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। मिलिंद देउस्कर और सीमा देउस्कर ने विजेताओं को चैंपियंस ट्रॉफी, पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने रेलवे कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए ऐसे आयोजनों के महत्व पर जोर दिया, जो खेलकूद और एथलेटिक्स को बढ़ावा देते हैं। यह आयोजन पूर्व रेलवे परिवार में आपसी सहयोग, टीम भावना और खेलों के प्रति उत्साह को बढ़ाने में पूरी तरह सफल रहा।

# बेलडांगा में पेयजल विवाद में नगरपालिका के अस्थाई महिला कर्मी की हत्या, युवक गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** पानी की पाइप लाइन काटने को लेकर हुए विवाद में मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में रविवार की सुबह एक महिला की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृत महिला का नाम सीता घोष (40) है। इस घटना में इलाके के निवासी वरुण घोष नामक युवक को गिरफ्तार किया गया है। मृत महिला बेलडांगा नगरपालिका की अस्थायी कर्मचारी थी। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बेलडांगा नगरपालिका के वार्ड 13 के 23 पल्ली इलाके में दो पड़ोसियों के बीच पानी की पाइप काटने को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा था। इस दिन, सुबह में सीता घोष और वरुण घोष के बीच फिर बहस शुरू हो गई। उस समय सीता घोष पर धारदार हथियारों से हमला किया गया। कई बार वार किए जाने



के बाद वह जमीन पर गिर पड़ी। सीता की पोती रूपाली हाजरा (25) उन्हें बचाने के लिए दौड़ी। उस पर भी धारदार हथियार से भी हमला किया गया। दोनों को मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने सीता घोष को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल उनकी पोती का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर बेलडांगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपित वरुण घोष को गिरफ्तार कर पुलिस थाने ले जाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# न्यू फरक्का-अजीमगंज सेक्शन में 2 लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग ने न्यू फरक्का-अजीमगंज सेक्शन के मालदह डिवीजन में 2 लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) के आरसीसी बॉक्स डालने का काम 18 जनवरी को पूरा किया गया। इन सबवे का निर्माण लेवल क्रॉसिंग गेट की जगह करने के उद्देश्य से किया गया है। इनमें से एक सबवे, जिसका आकार 6 मीटर 4.5 मीटर है, गनकर स्टेशन के पास लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 20/इ/टी को बदलने के लिए बनाया गया है। वहीं, दूसरा सबवे, जिसका आकार 6 मीटर 3.5 मीटर है, बल्लालपुर और संकोपाड़ा स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 58/सी/ई की जगह बनाया गया है। इन सबवे के निर्माण से सड़क और रेल यातायात दोनों के निर्बाध संचालन में मदद मिलेगी, जिससे परिचालन दक्षता



में सुधार होगा। इसके अलावा, इस महत्वपूर्ण कार्य के दौरान ट्रैफिक ब्लॉक के साए में कई अन्य कार्य भी किए गए ताकि ट्रेन संचालन में न्यूनतम बाधा हो। इन कार्यों में धुलियांगंगा और निमतीता के बीच प्लेसर क्विक रिलेइंग सिस्टम विधि से सतत ट्रैक नवीनीकरण कार्य, जंगीपुर रोड स्टेशन और सुजनीपाड़ा स्टेशन के प्वाइंट ज़ोन क्षेत्र में स्विच रूपांतरण, जंगीपुर-सुजनीपाड़ा और धुलियांगंगा-निमतीता स्टेशनों के बीच प्लेन ट्रैक टैम्पिंग कार्य जैसे कार्य शामिल हैं। ये सभी कार्य सुरक्षा और गतिशीलता से सीधे जुड़े हुए हैं और न्यू फरक्का-अजीमगंज खंड में सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद करेंगे।

# ‘धर्म की रक्षा करने के लिए घर में रखे धारदार हथियार’, सुकांत मजूमदार ने हिंदुओं को दी सलाह

**❑ कहा... ’अपने बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने दो, लेकिन पहले उन्हें अच्छा हिंदू बनाओ’**

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली के कुंतीघाट में राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर रविवार को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सुकान्त ने कहा कि लड़कों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने दो, लेकिन पहले उन्हें अच्छा हिंदू बनाओ। जो धर्म के प्रति समर्पित होंगे और धर्म और अपनी रक्षा के लिए एक हथियार घर पर रखे। यदि तुम अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा नहीं कर सकते, तो तुम जो भी डॉक्टर और बैरिस्टर हो, तुम्हे दूसरी



ओर जाना पड़ेगा। धर्म की रक्षा के लिए एकजुट होना होगा। क्षेत्र में मंदिर बनवाएं। बीजेपी नेता तथा चुंचुड़ा मगरा ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष देवब्रत विश्वास जय श्री राम का नारा लगते हुए भव्य बाइक रैली का आयोजन किया। इस रैली में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। सुकांत ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजे देखने के बाद मुख्यमंत्री को एहसास हुआ कि अधिकांश हिंदू वोट उनकी ओर नहीं गिरे, इसलिए वे लोगों को बेवकूफ बनाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। हम लोगों को बताएंगे कि रावण ने अपने जीवन में एक बार सीता का अपहरण करने के लिए गेरुआ वस्त्र धारण किया था। अगर आप उन नकली हिंदुओं को पहचान लेंगे तो हिंदू समाज बच जाएगा। यदि आप गेरूआ ओढ़े ऐसी नकली हिंदू करुणा पर विश्वास करते हैं तो भी आप धोखा खा रहे होंगे। हिंदुओं को अपने घरों में हथियार रखने चाहिए, अगर दूसरे रख सकते हैं तो उन्हें क्या आपत्ति है, अगर कर्बला के लिए दूसरे रख सकते हैं, तो हिंदू भी रख सकते हैं।

**❑ सैफ अली खान के हमलावर की गिरफ्तारी पर ममता पर साधा निशाना**

सैफ अली खान पर हमले के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा कि यह दीदी (ममता) से प्रेरित था। विपक्ष सैफ अली खान पर हमले पर कूद पड़ा। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को कोई सुरक्षा नहीं है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। ममता बनर्जी पर राज्य से जाकर छुरा घोंपा है। इंडी गठबंधन के लोगों को ममता को पकड़ना चाहिए। एनकाउंटर प्रसंग पर मैं इसका स्वागत करता हूं। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि पश्चिम बंगाल पुलिस को गोली चलानी आती है। मुझे लगा कि कम से कम वे गोली चलाने में कामयाब रहे। डीजी साहेब के घर उत्तर प्रदेश में है। शायद वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगीजी से प्रेरित हैं। बागुइहाटी के प्रमोटर को पीटने का आरोपी तृणमूल पार्षद लापता है, वह लापता नहीं है पैसा दे रखा गया है। पुलिस को भी उस पैसे का हिस्सा मिला होगा।

**❑ बंगाल में रोहिंग्याओं की बेलगाम बसावट**

शौकत मुल्ला शेख शाहजहां से लेकर उनके मछली के घरों के पास रोहंगियो रखा गया है। साल्टलेक तक रोहसंगियों के लिए बस्ती बनाया गया है। ममता बनर्जी के कार्यकाल में 10 साल में रोहिंग्याओं ने कोलकाता में झुग्गियां बना ली हैं। बीएसएफ सीमा की रक्षा करती है। सीमा पर कोई बाड़ नहीं लगाई गई, क्योंकि ममता बनर्जी ने जगह नहीं दी। भारत जैसा दुनिया में कही सीमा सुरक्षा बल नहीं है। पुलिस किसी तरह का सहायता नहीं करती है।

## नारकेलडांगा में करोड़ों रुपये लूट के मामले में दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नारकेलडांगा इलाके से करोड़ों रुपये लूटने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि नारकेलडांगा थाने की पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद शनिवार की रात दोनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर लूट की गुत्थी सुलझाने की कोशिश कर रही है। बता दें कि गत शनिवार को इफ्तिखार अहमद खान (42) नकदी से भरा बैग लेकर नारकेलडांगा स्कायर से गुजर रहे थे। वह पेशे से बकरी व्यापारी है। इस दिन, सुबह करीब 9 बजे वह व्यापार का पैसा लेकर जा रहा था। तभी, दो बाइकों पर सवार कुछ बदमाश वहां पहुंचे। किसी एक ने इफ़्तिख़ार की आंखों में रसायन स्प्रे छिड़क दिया। एक अन्य व्यक्ति उसे चाकू दिखाकर धमकाने लगा। फिर भी इफ़्तिख़ार उन्हें रोकने की कोशिश करने लगा। तभी, बदमाशों ने चाकू से उसके हाथ पर जोरदार वार किया और बैग छीनकर भाग गये। स्थानीय व्यापारियों का दावा है कि बैग में करीब एक करोड़ रुपये थे। माना जा रहा है कि अपराधियों ने पहले से ही रेकी का अभ्यास किया था।

## चांपदानी के नॉर्थब्रुक जूट मिल के सेप्टिक टैंक से नाबालिग का शव बरामद, इलाके में सनसनी

**हुगली :** चांपदानी के केबीएम रोड निवासी मोहम्मद मुक्तार के बेटे मोहम्मद रेहान का शव आज नॉर्थब्रुक जूट मिल के सेप्टिक टैंक से बरामद किया गया। वह 16 जनवरी से लापता था, जिसके बाद पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी और तलाश जारी थी। उसका शव मिलने के बाद पुलिस ने उसे बरामद किया। भद्रेश्वर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ताकि मौत के कारणों का पता चल सके।

स्थानीय वार्ड नंबर 8 के पार्षद अरुण मिश्रा और आसपास के लोग मृतक के पिता को लेकर थाने पहुंचे, जहां उन्होंने शव की पहचान की।

जानकारी के अनुसार, घटना वाले दिन रेहान अपने दोस्तों के



साथ खेलने गया था। उसके तीन दोस्तों से जब पूछताछ की गई तो पहले उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया, लेकिन बाद में उन्होंने बताया कि रेहान को बिजली का झटका लगा था, जिससे वह गिर पड़ा।

इस मामले को लेकर चंदननगर पुलिस आयुक्त अमित पी. जाव-लगी ने कहा कि लापता किशोर की मौत कैसे हुई, इसका पता लगाने के लिए संबंधित सभी लोगों से पूछताछ की जाएगी।

## बांग्लादेश जा रहा मालवाहक जहाज डूबा

### जहाज के चालक की सूझबूझ से टला हादसा

**हुगली :** जिले के बैंडेल थर्मल पावर स्टेशन से राख लादकर बांग्लादेश के लिए रवाना हुआ मालवाहक जहाज बांसबेड़िया में त्रिवेणी संगम में अचानक हिचकोले खाने लगा। जहाज का हिस्सा नदी में झुक गया। माना जा रहा है कि नदी अचानक से बढ़े जलस्तर के वजह से यह घटना घटी। बताया जा रहा है कि यह मालवाहक बांग्लादेशी जहाज एम.वी. बशीरुद्दीन काजी था। इसमें यात्री नहीं थे। यह जहाज त्रिवेणी बीटीपीएस से राख लेकर बांग्लादेश लौटते समय बीच नदी में झुक गया। हाल ही में यह बांग्लादेशी मालवाहक जहाज बैंडेल थर्मल पावर स्टेशन से राख के ढेर से राख इकट्ठा करने के लिए पहुंचा था। जहाज़ के चालक दल ने बताया कि उन्होंने जहाज के नीचे से अचानक शोर



सुना। तभी सभी उन्हें गड़बड़ी का एहसास हुआ कि मालवाहक जहाज में पानी डूबने वाला है। फिर जहाज एक तरफ झुक गया। ड्राइवर के केबिन को छोड़कर इसका अधिकांश हिस्सा डूब गया। चालक ने खतरे को भांपते हुए स्थानीय प्रशासन से संपर्क किया। पानी कम होने के बाद राख को खाली करके जहाज का वजन कम करने की कोशिश की गई। संदेशखाली से मजदूर बुलाए गए और राख निकालने काम जारी है। सारी राख को खाली करने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। इसके बाद जहाज की मरम्मत कर उसे बांग्लादेश वापस भेजा जा सकेगा।

## ईएसआई अस्पताल में मरीज की मौत पर हंगामा

**हुगली :** बैंडेल ईएसआई अस्प-ताल में इलाज के अभाव में एक महिला की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। मृतका की पहचान किरण देवी साव (45) के रूप में हुई है, जो मगरा के बरोपाड़ा वन फ्री की निवासी थी। वह एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करती थी। बताया जाता है कि 8 जनवरी को पेट दर्द की शिकायत के बाद उन्हें बैंडेल ईएसआई अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार की तड़के उनकी मृत्यु हो गई।

परिजनों का आरोप है कि अस्प-ताल में उनका सही तरीके से इलाज नहीं किया गया। हालत बिगड़ने के बावजूद डॉक्टरों और नर्सों ने ला-परवाही बरती। यहां तक कि जब उनकी तबीयत और खराब हो गई,



तब भी उन्हें किसी अन्य अस्पताल में रेफर नहीं किया गया। इसके अलावा, अस्पताल के नर्स और स्वास्थ्यकर्मियों पर दुर्व्यवहार करने का भी आरोप लगाया गया है। महिला की मौत के बाद उनके परिजन और स्थानीय लोग अस्पताल में एकत्र हो गए, जिससे वहां तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलते ही बैंडेल फाड़ी की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया।

## बांकुड़ा में बस और लॉरी की टक्कर में पांच घायल

**बांकुड़ा :** बस और लॉरी की आमने-सामने की टक्कर में 5 लोग हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार को बांकुड़ा के तालडांगरा चाईपुर में घटी। गंभीर रूप से घायल 3 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस घटना से स्थानीय क्षेत्र में यातायात बाधित हो गया। पांच घायलों में से तीन की हालत गंभीर है। प्रारंभिक तौर पर बताया गया है कि दुर्घटना नियंत्रण खोने के कारण हुई।

## पत्नी की हत्या कर थाने पहुंचा युवक, बोला... ‘मार डाला’

**हुगली :** जिले के आरामबाग थाना अंतर्गत सालेपुर दासपाड़ा इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और फिर खुद थाने पहुंचकर जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी का नाम अभिजीत दास है। करीब 15 साल पहले उसकी शादी ऋतु दास से हुई थी और दोनों के दो बच्चे हैं। शनिवार रात अभिजीत ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। रविवार सुबह वह खुद अरामबाग थाने पहुंचा और पुलिस से कहा, मैंने अपनी पत्नी को तकिये से दबाकर मार डाला।’ यह सुनकर पुलिसकर्मी भी सकते में आ गए।

पुलिस ने तुरंत अभिजीत के घर पर छापा मारा, जहां उन्होंने बिस्तर पर मृत पड़ी महिला का शव बरामद किया। एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, अभिजीत की शादी 15 साल पहले हुई थी। परिवार में दो बच्चे हैं। अभिजीत की मां का दावा है कि उसकी बहू का किसी और से संबंध था, जिससे घर में आए दिन झगड़े होते थे।

बताया जा रहा है कि अभिजीत एक सोने की दुकान में काम करता है। शनिवार रात पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि हत्या उसी समय हुई या बाद में। मृतका के बड़े बेटे ने भी बताया कि मां-बाप में झगड़ा हुआ था, लेकिन मैं सो गया था। सुबह देखा कि मां बिस्तर से नहीं उठ रही थी और पिताजी घर से गायब थे।

मृतका के पिता गुरुपद नंदी ने कहा, ’मुझे कुछ नहीं पता। मेरी बेटी से मेरा कई सालों से कोई संपर्क नहीं था। आज सुबह थाने से फोन आया और पुलिस ने बताया कि मेरी बेटी की हत्या हो गई है। मेरा दामाद पहले भी एक शादी कर चुका था।’

फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अरामबाग मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। आरोपी अभिजीत को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस इस हत्याकांड की तह तक जाने के लिए जांच में जुट गई है।

## उलुबेरिया में होटल की दीवार तोड़कर अंदर घुसी बाइक, दो युवकों की मौत व एक घायल

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा जिला के उलुबेरिया में एक भीषण बाइक दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक की गंभीर हालत में इलाजरत है। मिली जानकारी के अनुसार, गत शनिवार की रात उलुबेरिया के श्यामपुर में बाइक एक होटल की दीवार तोड़कर अंदर घुस गई। इस घटना से क्षेत्र में तीव्र उत्तेजना फैल गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक युवकों के नाम फारुक मलिक और शेख सैदुल हैं। जबकि, दुर्घटना में शेख रहमान नामक एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में उसका कोलकाता के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। वे सभी उलुबेरिया नगरपालिका के वार्ड 24 के जगदीशपुर के निवासी हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गत शनिवार की रात तीन युवक एक बाइक पर सवार होकर शादी समारोह से श्यामपुर की ओर जा रहे थे। आधी रात के आसपास उलुबेरिया फारुक साहब चौराहे के पास बाइक का नियंत्रण खो गया और वह एक होटल की दीवार से टकरा गई। बाइक दीवार तोड़कर अंदर घुस गई। तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग दौड़कर आये। उन्होंने तीन लोगों को लहूलुहान हालत में बचाया और उन्हें उलुबेरिया शरत चंद्र चटर्जी मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां डॉक्टरों ने फारूक और सैदुल को मृत घोषित कर दिया। रहमान की हालत बिगड़ने पर उन्हें कोलकाता स्थानांतरित कर दिया गया। उलुबेरिया पुलिस स्टेशन ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है।

## सोशल मीडिया पर बंदूक थामे फोटो पोस्ट करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक युवक ने सोशल मीडिया पर बंदूक थामे हुए एक फोटो पोस्ट की थी। खबर मिलते ही बशीरहाट पुलिस थाने की पुलिस ने फिल्मी अंदाज में उसे गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त का नाम अभिजीत रॉय है। वह बशीरहाट नगरपालिका के वार्ड 14 के चापापुकुर इलाके का निवासी है। हाल ही में, उक्त युवक ने देशी बंदूक पकड़े हुए एक फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। यह खबर पुलिस तक पहुंची। इसके बाद, बशीरहाट पुलिस अधिकारियों ने घर पर छापा मारा। इसी बीच, पुलिस के आने की खबर सुनकर युवक घर से भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया और उसे बंदूक के साथ



गिरफ्तार कर लिया। अभिजीत को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। सवाल उठ रहे हैं कि युवक को हथियार कहां से मिला। पुलिस सूत्रों के अनुसार, युवक का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। क्या उस मामले में वह युवक किसी आपराधिक गिरोह से जुड़ा था? क्या उसके पास कोई तोड़फोड़ की योजना थी? पुलिस हिरासत में लिए गए व्यक्ति के बारे में सारी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।

## ग्वालपोखर मामले में सज्जाक को हथियार की आपूर्ति करने वाला गिरफ्तार

**उत्तर दिनाजपुर :** जिले के ग्वालपोखर मामले में एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम शेख हजरत है। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि गिरफ्तार युवक मुठभेड़ में मारे गए युवक सज्जाक आलम का परिचित था। ऐसा माना जा रहा है कि गिरफ्तार व्यक्ति ने ही हथियार की आपूर्ति की थी। उल्लेखनीय है कि कुख्यात अपराधी सज्जाक आलम ने अदालत से लौटते समय पुलिस पर गोली चला दी और जेल वैन से भाग गया। इस घटना में दो पुलिस कर्मी घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला पुलिस ने उसे ढूंढने के लिए घर-घर तलाशी शुरू की। शनिवार की सुबह पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान सज्जाक को मार गिराया। लेकिन सज्जाक को बंदूक कहां से मिली? पुलिस के प्रारंभिक आकलन के अनुसार, घटना के दिन सज्जाक को एक मामले की सुनवाई के लिए इस्लामपुर अदालत ले जाया गया था। अब्दुल हुसैन उर्फ अबल ने किसी तरह अदालत परिसर में ही उसे बंदूक सौंप दी। सज्जाक और अबल की मुलाकात इस्लामपुर सुधार गृह में हुई थी। पुलिस को संदेह है कि शेख हजरत अबल से परिचित है। ऐसा माना जाता है कि शेख हजरत ने बंदूक की आपूर्ति की थी। गुप्त सूत्र से मिली सूचना के आधार पर ग्वालपोखर पुलिस ने रविवार की सुबह गोलसियापोखर गांव में छापा मारा। उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पर हमला करने के बाद सज्जाक बाइक पर भाग गया। क्या शेख हज़रत ने उस बाइक का भी इंतज़ाम किया था? यह प्रश्न भी उठ रहा है। पुलिस उस मामले की भी जांच कर रही है। बताया गया है कि गिरफ्तार व्यक्ति कभी-कभी काम के लिए बाहर जाता था। उसने क्या किया? वह कभी-कभी लम्बे समय के लिए बाहर क्यों जाता था? उस मामले की भी जांच की जा रही है।

## बड़ाबाजार युवक संघ का रक्तदान शिविर आयोजित

**कोलकाता :** बड़ाबाजार युवक संघ के तत्वाधान पर बड़तल्ला स्ट्रीट व रविन्द्र सारणी के संगम स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ मनमोहन सिंह और कमेटी के संस्थापक पप्पू सोनकर के याद में संयोजक पंकज सोनकर के देखरेख में रक्तदान आयोजित किया गया।जिसमें 80 लोगों ने रक्तदान किए।जिसमें महिलाएं भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।दीप प्रज्वलित पार्षद संतोष पाठक ने किया।रक्तदान शिविर का उद्घाटन पार्षद विजय ओझा और पार्षद विजय उपाध्याय ने किया।मौके पर प्रदेश कांग्रेस के सभापति सुभांकर सरकार,पार्षद महेश शर्मा,राजेश सिंहा,मीना देवी पुरोहित,कमेटी के चेयरमैन मनोज चांदगोठिया, कमेटी के अध्यक्ष चंद्रकांत सराफ,संजय बक्शी,कामाख्या नारायण सिंह,भोला यादव, उत्तम सोनकर,





शिवजी पांडे, कमलेश सिंह, भोला सोनकर, दिलीप सोनकर, प्रतीक तिवारी, उमेश राय, सादाब खान, मोहन पांडे, मो:सरफराज, नागेश सिंह, आकिब जहूर, परवेज़ खान, विक्रम सिंह, किशन झवर, मो:हुसैन, राजीव जायसवाल, लक्ष्मीकांत पांडे, ददन सिंह, विकाश यादव, दीपक सिंह ने शिविर का निरीक्षण किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ:अशोक सिंह और आकाश सोनकर ने किया। मंजीत सोनकर, राहुल महतो, मुकेश सोनकर, महेंद्र सोनकर, आलोक झुनझुनवाला, राजेंद्र सोनकर, अनिल लखोटिया, नवीन सराफ, विक्रम सोनकर, विजय महतो, जितेंद्र नाहटा, सुमित गुप्ता का मुख्य योगदान था।

## बउबाजार सुरंग का संकट खत्म, कल परीक्षण की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** सालों की अड़चनों के बाद बाउबाजार में पश्चिममुखी सुरंग से मेट्रो सेवा शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। अगर सब कुछ योजना के अनुसार हुआ, तो 21 जनवरी की रात 11 बजे सेक्टर 5 से मेट्रो बउबाजार की सुरंग के नीचे से होकर महाकरण तक जाएगी। यह परीक्षण सुबह 4 बजे तक चरणबद्ध तरीके से चलेगा। इस पर अंतिम निर्णय सोमवार को लिया जाएगा। पूर्वमुखी सुरंग में पहले ही मेट्रो का परीक्षण पूरा हो चुका है, लेकिन पश्चिममुखी सुरंग का काम दिसंबर 2023 में ही पूरा हुआ। तीसरी लाइन पर बिजली कनेक्शन के बाद ट्रॉली रन किया गया। अब मंगलवार रात को पहली बार मेट्रो



का ट्रायल रन होगा। अगर यह सफल रहा, तो कुछ समय परीक्षण के बाद रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआ-रएस) की अनुमति से मेट्रो नियमित सेवा शुरू करेगी। इससे यात्री 11 मिनट में हावड़ा से सियालदह तक की यात्रा कर सकेंगे। सुरक्षा और सिग्नलिंग सिस्टम के आधुनिकीकरण के लिए 8 फरवरी से 24 मार्च तक ईस्ट-वेस्ट मेट्रो सेवा बंद रहेगी। इसके अलावा 29 जनवरी से 3 फरवरी तक भी सेवा बंद रखने का प्रस्ताव है। इन दिनों में ट्रायल रन जारी रहेगा। हावड़ा मैदान से सेक्टर 5 तक की मेट्रो सेवा में भूमिगत मार्ग में दो सुरंगें हैं। पूर्वमुखी सुरंग का कार्य पहले ही समाप्त हो चुका है, लेकिन 2019 में बाउबाजार के पास पश्चिममुखी सुरंग की खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से काम रोकना पड़ा। इसके बाद, 2022 में पानी भरने जैसी समस्याओं ने निर्माण में देरी की। अब पश्चिममुखी सुरंग का कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही मेट्रो सेवा शुरू होने की संभावना है, जो कोलकाता के यात्री अनुभव को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी।

## आरपीएफ ने 2021 से अब तक 586 बांग्लादेशी और 318 रोहिंग्या को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 2021 से अब तक 586 बांग्लादेशी नागरिकों और 318 रोहिंग्या सहित 916 व्यक्तियों को सफलतापूर्वक पकड़ा है, जो देश की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जून और जुलाई 2024 में, आरपीएफ ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 88 बांग्लादेशी और रोहिंग्या प्रवासियों को पकड़ा। इनमें से कुछ व्यक्तियों ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की बात कबूल की और उन्हें कोलकाता जैसे गंतव्यों के लिए ट्रेन से यात्रा करते समय रोका गया।

**❑ बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा**

अक्टूबर 2024 में, रिपोर्ट में



बताया गया कि बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा से जुड़े उपायों को बढ़ाने के बावजूद, अवैध प्रवासी भारत में घुसपैठ करना जारी रखते हैं, असम को पारगमन मार्ग के रूप में और रेलवे को देश के अन्य हिस्सों तक पहुंचने के लिए अपनी पसंदीदा यात्रा के रूप में उपयोग करते हैं। ये घटनाएं अवैध घुसपैठ के खिलाफ रेलवे नेटवर्क की निगरानी और सुरक्षा में भारतीय अधिकारियों के सामने आने वाली चुनौतियों को चिन्हित करती हैं। घुसपैठियों द्वारा रेलवे का उपयोग न केवल राज्यों में उनकी आवाजाही को सुविध-ाजनक बनाता है, बल्कि देश में अनधिकृत प्रवेश का पता लगाने और रोकने के प्रयासों को भी जटिल बनाता है।

**❑ आरपीएफ को पकड़े गए व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने का सीधा अधिकार नहीं**

उपरोक्त मुद्दे पर विचार करने के लिए, आरपीएफ ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), स्थानीय पुलिस और खुफिया इकाइयों जैसी प्रमुख सुरक्षा एजेंसियों के साथ सहयोग करके अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। विभिन्न एजेंसियों के बीच आंतरिक सहयोग के इस दृष्टिकोण ने परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे अवैध प्रवास में शामिल व्यक्तियों की शीघ्र पहचान करना और हिरासत में लेना संभव हो पाया है। अपने महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, आरपीएफ को पकड़े गए व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने का सीधा अधिकार नहीं है। इसके बजाय, हिरासत में लिए गए व्यक्तियों को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए पुलिस और अन्य अधिकृत एजेंसियों को सौंप दिया जाता है। बांग्लादेश और म्यांमार जैसे पड़ोसी देशों में चल रही हाल के राजनीतिक उथल-पुथल और इन क्षेत्रों में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और सामाजिक-धार्मिक कारकों के कारण भारत के सुदूर इलाकों में शरण, रोजगार और आश्रय की तलाश करने वाले लोगों की आमद हुई है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है। जबकि रेलवे का उपयोग करने वाले घुसपैठियों की संख्या के सटीक आंकड़े सीमित हैं, हाल की रिपोर्टें बताती हैं कि अवैध प्रवासी अक्सर भारत के अन्य हिस्सों में जाने के लिए असम और त्रिपुरा जैसे क्षेत्रों से गुजरने के लिए रेलवे नेटवर्क का उपयोग करते हैं। रेलवे सुरक्षा बल ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे को हल करने की चुनौती को स्वीकार किया है, तथा भारत की सीमाओं में घुसने का प्रयास करने वाले अवैध प्रवासियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ये व्यक्ति न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता का विषय हैं, बल्कि बंधुआ मजदूरी, घरेलू नौकरानी, वेश्यावृत्ति और यहां तक कि अंग निकालने के लिए मानव तस्करी सहित शोषण के लिए भी अत्यधिक संवेदनशील हैं।

## ओपीजी मोबिलिटी ने पेश किया फेराटो इलेक्ट्रिक स्कूटर ‘डेफी 22’, आकर्षक कीमत पर लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** ओपीजी मोबिलिटी (पूर्व में ओकाया ईवी) ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपने बहुप्रतीक्षित फेराटो इलेक्ट्रिक स्कूटर ‘डेफी 22’ को लॉन्च किया। यह स्कूटर 99,999 रुपये (एक्स-शोरूम) की आकर्षक इंट्रोडक्टरी कीमत पर उपलब्ध है और इसकी प्री-बुकिंग 499 रुपये से शुरू होती है। ‘डेफी 22’ में 7-इंच टचस्क्रीन डिस्प्ले, म्यूजिक फीचर, स्टाइलिश 12-इंच एलॉय व्हील्स और कॉम्बी डिस्क ब्रेक सिस्टम जैसे उन्नत फीचर्स हैं। यह 70 किमी/घंटा की स्पीड और सिंगल चार्ज पर 80 किमी की रेंज



देता है। इसकी टिकाऊ एलएफपी बैटरी और वेदरप्रूफ चार्जर इसे विभिन्न परिस्थितियों में भरोसेमंद बनाते हैं। यह स्कूटर सात आकर्षक रंगों में उपलब्ध है और भारतीय बाजार के लिए डिजाइन किया गया है। ओपीजी मोबिलिटी का उद्देश्य भारत में टिकाऊ और सुलभ इलेक्ट्रिक परिवहन समाधान प्रदान करना है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### आगरा में पिकअप वैन में बस ने मारी टक्कर; तीन की मौत

**आगरा :** उत्तर प्रदेश के आगरा में न्यू दक्षिणी बाईपास पर एक बस ने पिकअप वैन में को टक्कर मार दी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई तथा कम से कम 12 लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह हादसा शनिवार देर रात एक बजे तब हुआ जब 30 श्रमिकों को ले जा रही पिकअप वैन के चालक को कोहरे के कारण मगोर्रा गांव के पास बना कट दिखाई नहीं दिया और चालक ने कट के आगे जाकर पिकअप को अचानक ब्रेक लगाकर पीछे करने का प्रयास किया और इसी दौरान पीछे से आ रही बस ने पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में वैन दो हिस्सों में बंट गई।

### झारखंड में बस पलटने से तीन यात्रियों की मौत, 12 घायल

**हजारीबाग (झारखंड) :** झारखंड के हजारीबाग जिले में रविवार शाम एक निजी बस के पलट जाने से तीन यात्रियों की मौत हो गई और लगभग 12 अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना जिला मुख्यालय हजारीबाग से लगभग 45 किमी दूर बिष्णुगढ़-गोमिया रोड पर नारकी मोड़ के पास हुई। पुलिस ने पलटी बस से शव बरामद किए और घायलों को गोमिया और बिष्णुगढ़ के अस्पतालों में पहुंचाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस हजारीबाग से बोकारो जिले के फुसरो जा रही थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भिजवाया गया है।

### झारखंड वन विभाग ने जंगली भैंसों की घटती संख्या को बढ़ाने के लिए अध्ययन शुरू किया

**रांची :** झारखंड वन विभाग ने पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में गौर के नाम से लोकप्रिय बायसन (जंगली भैंसों) की घटती आबादी को बढ़ाने के लिए एक अध्ययन शुरू किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने दावा किया कि बाघों के भोजन का स्रोत गोजातीय भैंसा पीटीआर को छोड़कर पूरे झारखंड से विलुप्त हो चुका है। पीटीआर में केवल 50-70 जंगली भैंसे बचे हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों के मुताबिक अवैध शिकार, संक्रमण और स्थानीय मवेशियों द्वारा उनके नैसर्गिक आवास में अतिक्रमण झारखंड से जंगली भैंसों के लुप्त होने के प्रमुख कारण हैं। राज्य वन्यजीव बोर्ड के पूर्व सदस्य डीएस श्रीवास्तव ने कहा, 'एक समय झारखंड के सारंडा, दलमा, हजारीबाग, गुमला और कुछ अन्य जंगलों में जंगली भैंसे बहुतायत में थे, लेकिन ये पूरे राज्य से विलुप्त हो गए। पीटीआर, मुख्य रूप से बेतला रेंज, एक मात्र अंतिम ठिकाना बचा है, जहां जंगली भैंसे हैं, लेकिन उनकी संख्या में गिरावट आ रही है।'

### पंजाब और हरियाणा में ठंड बरकरार, कई स्थानों पर कोहरा छाया

**चंडीगढ़ :** पंजाब और हरियाणा में रविवार को ठंड का प्रकोप जारी रहा और दोनों राज्यों में कई स्थानों पर कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने बताया कि अमृतसर सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बठिंडा में तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब में लुधियाना का न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 8.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं पटियाला में न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पठानकोट में न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस, गुरदासपुर में 7.3 डिग्री सेल्सियस और फरीदकोट में 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम अधिकारी ने बताया कि दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस और फरीदाबाद में 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नारनौल में न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस, हिसार में नौ डिग्री सेल्सियस और सिरसा में 8.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

# महाकुंभ का एक ही संदेश, एकता से ही अखंड रहेगा देशः योगी

**महाकुंभ नगर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि महाकुंभ का एक ही संदेश है कि एकता से ही यह देश अखंड रहेगा। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान की तैयारियों की समीक्षा के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह टिप्पणी की। आदित्यनाथ ने कहा, देश और दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुंभ में आ रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी संगम में स्नान कर अभिभूत नजर आ रहे हैं। यूरोप से जुड़े कुछ पर्यटक मिलने आए थे और प्रयागराज की महिमा का जिस भाव से गान कर रहे थे, वह अभिभूत करने वाला है। उन्होंने कहा कि ये पर्यटक हिंदी नहीं जानते, संस्कृत नहीं जानते, लेकिन हिंदी की चौपाई, संस्कृत के मंत्रों, अवधी की चौपाइयों, सनातन




धर्म से जुड़े स्रोत और मंत्रों को सस्वर गा रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां गंगा और यहां के धामों के प्रति एक श्रद्धा का भाव उनमें देखने को मिल रहा था। आदित्यनाथ ने कहा, महाकुंभ के लिए प्रधानमंत्री जी ने जो विजन दिया है उसको स्थानीय स्तर पर लागू करने के लिए सभी लोग पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के मुख्य स्नान संपन्न हो चुके हैं और अब मौनी अमावस्या 29 जनवरी और बसंत पंचमी तीन फरवरी को दो बड़े महास्नान होने हैं। उन्होंने कहा कि सात हजार से अधिक संस्थाएं अब तक यहां पर आ चुकी हैं और आज पूरे महाकुंभ क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्नानार्थियों और यहां रह रहे कल्पवासियों के साथ ही अन्य संस्थाओं से जुड़े लोगों की पूरी संख्या देखेंगे तो लगभग एक करोड़ से अधिक लोग यहां मौजूद हैं। उन्होंने कहा, इन्हीं सब व्यवस्थाओं को देखने के लिए मैंने मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को यहां भेजा था। मुझे पूरा विश्वास है कि भगवान प्रयागराज और मां गंगा की कृपा से हम लोग यहां पर इन दोनों स्नानों को सकुशल संपन्न करने में सफल होंगे। आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। उन्होंने कहा, कई राज्यों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री लगातार यहां आ रहे हैं। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति भी लगातार यहां आकर स्नान कर रहे हैं।

## महाकुंभ : 300 कॉटेज, पांच बाइकें और पांच लाख कैश जलकर खाक; 2.5 करोड़ से ज्यादा के नुकसान की आशंका

**प्रयागराज :** महाकुंभ मेला क्षेत्र में शास्त्री ब्रिज के नीचे पंडालों में भीषण आग लग गई। आग मेला क्षेत्र के सेक्टर 19 में सिलेंडर फटने से लगी, जिसमें 18 टेंट आग जल गए। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 15-16 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

### कल्पवास कर रहे ज्ञान प्रकाश शुक्ला के साढ़े चार लाख रुपये जले

सेक्टर 19 स्थित श्रीकरपात्री धाम के शिविर में कल्पवास कर रहे वाराणसी के ज्ञान प्रकाश शुक्ला के साढ़े चार लाख रुपये जलकर राख हो गए। आग बुझाने में उनकी दोनों हथेली और पत्नी गीता शुक्ला भी झुलस गई हैं। कल्पवासी ज्ञान प्रकाश बताते हैं, करीब चार बज रहे थे। वह शिविर में पत्नी के साथ थे। तभी उन्हें आग लगी- आग लगी की आवाज सुनाई देने लगी। बाहर निकले तो सामने



वाली कुटिया से धुआं निकल रहा था। वहां रखे बालू और पानी से आग बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग बुझने के बाद ज्ञान प्रकाश अपने शिविर में रखे पेटी को देखने के लिए पहुंचे तो वहां पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। बक्से से जली हुई 100-100 और 500-500 की नोटों गड्डी निकली। उन्होंने बताया कि वह 10 जनवरी से ही कल्पवास करने के लिए आ गए थे। करीब साढ़े चार लाख रुपये शिविर में रखे हुए। चार लाख रुपये पूरी तरह जलकर राख हो गए। अधजले करीब पचास हजार रुपये बचे हैं। साथ ही शिविर में रखा अन्य सामान भी जलकर राख हो गया।

## बार-बार चुनाव कराने से विकास कार्य बाधित होते हैं : रामनाथ कोविंद

**महाकुंभ नगर :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा को देश की प्रगति का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए रविवार को कहा कि बार-बार चुनाव कराने से न केवल विकास कार्य बाधित होते हैं, बल्कि अर्थव्यवस्था पर भी भारी प्रभाव पड़ता है। महाकुंभ मेला के सेक्टर-छह में स्थित दिव्य प्रेम सेवा मिशन के शिविर में आयोजित एक व्याख्यान में उन्होंने निर्वाचन आयोग के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि हर तीन साल में चुनाव कराने में पांच-सात लाख करोड़ रुपये तक खर्च होते हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि इसके अलावा चुनावों के दौरान शिक्षकों की ड्यूटी लगने से स्कूल महीनों तक बंद रहते हैं जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। यदि सभी चुनाव एक साथ हों, तो यह समस्या सुलझाई जा सकती है। कोविंद ने कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' न केवल समय और धन की बचत करेगा, बल्कि यह शिक्षा तथा विकास को भी गति प्रदान करेगा। कार्यक्रम में मौजूद उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बार-बार चुनाव कराने से आचार संहिता के कारण विकास कार्य छह-छह महीने तक ठप हो जाते हैं। यदि चुनाव एक साथ हों, तो देश के राजनीतिक और आर्थिक पहलू मजबूत होंगे।

## 'मन की बात' में मोदी ने महाकुम्भ-2025 का जिक्र किया, योगी ने जताया प्रधानमंत्री का आभार

**लखनऊ, (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रयागराज के महाकुम्भ का जिक्र करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को वर्ष के पहले मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों को संबोधित करते हुए महाकुम्भ का भी प्रमुखता से जिक्र किया और एक बार फिर इसे एकता का महाकुम्भ बताया। मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में भारत की एकात्मता के जीवंत



प्रतीक, आध्यात्मिकता, समता और समरसता के महासमागम 'महाकुम्भ' के सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर चर्चा कर हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान किया है। योगी ने कहा, प्रधानमंत्री जी के यशस्वी नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का महोत्सव 'महाकुम्भ-2025, प्रयागराज' हमारी सांस्कृतिक धरोहरों व परंपराओं से आज संपूर्ण विश्व का साक्षात्कार करा रहा है। उन्होंने कहा आज प्रधानमंत्री जी का युवाओं के लिए गर्व के साथ अपनी सभ्यता-संस्कृति के अनुगमन का संदेश उन्हें 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना से जुड़ने के लिए भी प्रेरित करेगा। आभार प्रधानमंत्री जी!

## न्यूज अपडेट

### राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति की बैठक सम्पन्न

**अयोध्या (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक रविवार को मंदिर में भित्ति चित्र और 'थ्रीडी' मूर्तियां लगाने के संबंध में चर्चा के साथ संपन्न हुई। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ मंदिर परिसर और मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मंदिर के अंदर कांस्य के भित्ति चित्र लगाए जाने हैं। इसके लिए निर्माण एजेंसी द्वारा नाप लिया गया है और भित्ति चित्र लगाने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। मिश्रा ने बताया कि बैठक में कांस्य और 'थ्रीडी' मूर्तियां लगाने के संबंध में भी चर्चा की गई और भित्ति चित्र के डिजाइन और माप के साथ एक प्रतिमा रखकर भौतिक सत्यापन किया गया। आने वाले दिनों में तेजी से भित्ति चित्र लगाए जाएंगे और दीवारों पर श्रीराम के जीवन के दृश्यों को दर्शाया जाएगा। मिश्रा ने बताया कि पत्थरों पर भित्ति चित्र और कांस्य प्रतिमाओं के साथ श्रीराम के जीवन के दृश्य बनाने का काम जल्द ही शुरू होगा। उन्होंने बताया कि भित्ति चित्रों के साथ-साथ पत्थरों पर झांकी भी बनाई जाएगी। भित्ति चित्रों और पत्थरों पर दृश्यों के सामने 'थ्रीडी' मूर्तियां रखी जाएंगी। इसका व्यावहारिक मूल्यांकन किया गया है और 'थ्रीडी' मूर्तियां लगाने का क्रम जल्द ही शुरू होगा। मिश्रा ने बताया कि निचले चबूतरे पर कांस्य भित्ति चित्र और दीवारों पर दृश्य बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भगवान के जीवन की घटनाओं का थ्रीडी दृश्य भी दिखाया जाएगा। काम की तैयारियां चल रही हैं और सभी भित्ति चित्र मंदिर परिसर में ही लगाए जाएंगे।

### बिहार में भूमि विवाद को लेकर दो समुदायों के बीच झड़प में पांच पुलिसकर्मी घायल

**बेगूसराय (बिहार) :** बिहार के बेगूसराय जिले में रविवार को भूमि विवाद को लेकर दो समुदायों के सदस्यों के बीच झड़प में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस उपाधीक्षक कुंदन कुमार ने बताया कि यह झड़प प्राणपुर गांव में हुई जहां एक समुदाय के करीब 150 लोग ''कई वर्षों से 16 बीघा जमीन पर कब्जा किये हुए है।'' कुमार ने कहा, ''इस जमीन का स्वामित्व दो स्थानीय निवासियों का है, दोनों ने इस मामले में एक दीवानी वाद दायर किया था और 'एसडीएम कोर्ट' ने पिछले साल अगस्त में उनके पक्ष में फैसला सुनाया था। हालांकि, अवैध कब्जेदारों को वहां से हटाया नहीं जा सका।'' उन्होंने कहा, ''आज, जमीन के मालिकों ने पुलिस को सूचित किया कि अवैध कब्जेदार ट्रैक्टर से जमीन जोतने की कोशिश कर रहे हैं। जब स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, तो उन पर ईंटों और पत्थरों से हमला किया गया।'' बेगूसराय के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनीष कुमार और अन्य अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद स्थिति को नियंत्रण में लाया गया। घायल पुलिस अधिकारियों बखरी थाना प्रभारी (एसएचओ) फैसल अहमद और सहायक उप निरीक्षक मनीष पंडित, कुंदन कुमार सिंह, पुष्पलता और अर्चना झा को इलाज के लिए पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। उपाधीक्षक ने कहा, ''हमलावरों ने दावा किया कि पुलिस ने एक झोपड़ी में आग लगा दी थी जिसमें पांच बकरियां जलकर मर गईं। मामले की जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।''

### लखीमपुर खीरी में 10 करोड़ रुपये कीमत का मेफेड्रोन जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मादक पदार्थ रोधी कार्य बल (एएनटीएफ) और पुलिस की एक विशेष टीम ने सदर कोतवाली क्षेत्र में दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक किलोग्राम मादक पदार्थ मेफेड्रोन (एमडी) बरामद किया गया है, जिसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये आंकी गयी है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस की ओर से जारी एक बयान के अनुसार शनिवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के सैधारी गांव के पास छापा मारकर एक निजी अस्पताल रॉयल केयर मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। बयान में खीरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संकल्प शर्मा के हवाले से बताया गया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान खीरी जिले के राकेश विश्वकर्मा और विक्रम सिंह के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि इस संबंध में सदर कोतवाली पुलिस में स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और अन्य आरोपियों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। उत्तर प्रदेश एएनटीएफ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान पड़ोसी देश नेपाल से सस्ते दामों पर मेफेड्रोन की तस्करी करने की बात कबूल की, जिसे वे नेपाल से सटे जिलों में ऊंचे दामों पर बेचते थे।

## मायावती ने दूसरे भतीजे का परिचय कराया, पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख ने पिछले हफ्ते पहले पार्टी की एक बैठक में अपने 26 वर्षीय छोटे भतीजे का औपचारिक परिचय कराया जिसके बाद अफवाहों का बाजार गर्म हो गया है कि मायावती अपनी कमजोर पड़ती पार्टी में नई जान फूंकने के लिए जल्द ही ईशान आनंद को राजनीति में उतार सकती हैं। मायावती ने अपने 69वें जन्मदिन के एक दिन बाद 16 जनवरी को अपने दूसरे भतीजे ईशान आनंद को पार्टी की एक बैठक में कार्यकर्ताओं से मिलवाया। ईशान ने लंदन के वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की है। बसपा की बैठक में शामिल कार्यकर्ताओं ने कहा



कि परिचय सरल था, लेकिन संभावनाओं से भरा हुआ था। ईशान के बड़े भाई आकाश आनंद पहले से ही पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक हैं और उन्हें पहले हरियाणा चुनाव और अब दिल्ली चुनाव में पार्टी के प्रचार की अहम जिम्मेदारी गई है। आनंद और ईशान दोनों ही मायावती के भाई आनंद कुमार के बेटे हैं। पार्टी के एक कार्यकर्ता ने परिचय की प्रकृति को याद करते हुए 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'पार्टी मंच में परिचय के दौरान बहनजी ने बस इतना कहा, यह ईशान है। वर्तमान में वह अपने पिता के व्यवसाय में मदद कर रहा है। उन्होंने कहा, आकाश भैया बहनजी के बाईं ओर खड़े थे, जबकि ईशान भैया सतीश चंद्र मिश्रा जी के साथ उनकी दाईं ओर खड़े थे। कार्यकर्ता ने दावा किया कि यह पहली बार था जब उनके छोटे भतीजे को पार्टी की बैठक में मायावती के साथ देखा गया। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहते हैं, 'ईशान भैया अभी पढ़ाई करने के बाद व्यवसाय संभाल रहे हैं।

## राजस्थान में पेंशन नहीं मिलने से लाखों लाभार्थी परेशान: अशोक गहलोत

**जयपुर :** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुजुर्ग लाभार्थियों को पेंशन नहीं मिलने का मुद्दा उठाते हुए रविवार को कहा कि इससे लाखों लाभार्थी परेशान हैं। उन्होंने झुंझुनूं में वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने की एक खबर साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, कृपया अपने हक के लिए आवाज नहीं उठाएं, राजस्थान की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार सो रही है, उनकी नींद खराब हो जाएगी। गहलोत ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा, 'राजस्थान में हमारी सरकार ने न्यूनतम आय गारंटी कानून बनाया था जिसमें हर बुजुर्ग, दिव्यांग, विधवा इत्यादि को हर महीने पेंशन का अधिकार दिया गया है यानी राजस्थान सरकार इन श्रेणियों में शामिल लोगों को पेंशन देने के लिए बाध्य है।' उन्होंने कहा, 'परन्तु झुंझुनूं में पेंशन ना मिलने पर अपने हक की फरियाद रखने आए बुजुर्ग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ऐसे मामले में जहां पेंशन संबंधी कानून का पालन ना करवा पाने पर जिम्मेदार कार्मिकों पर कार्रवाई होनी चाहिए थी वहां सरकार अपनी शिकायत दर्ज करवाने वाले बुजुर्ग को गिरफ्तार कर रही है।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया, 'राजस्थान में लाखों पेंशन लाभार्थी इसी तरह परेशान हैं क्योंकि उनकी पेंशन कई महीनों से नहीं आ रही है। संभवतः उन पर दबाव बनाने के लिए ऐसी कार्रवाई की गई है।' गहलोत ने कहा, यह पेंशन इन सभी लोगों की आजीविका निर्वहन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## बिहार में 'जहरीली शराब' पीने से सात लोगों की मौत, जांच के आदेश

**बेतिया (बिहार) :** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को मौतों के बारे में रविवार को पता चला, हालांकि पहली मौत चार दिन पहले हुई थी और सभी सातों के शवों का अंतिम संस्कार पहले ही किया जा चुका था। जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) शौर्य सुमन ने बताया कि सभी मौतें लौरिया थाना क्षेत्र में हुई हैं। स्थानीय लोगों ने मौतों के लिए जहरीली शराब को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन एसपी ने कहा कि दो व्यक्तियों की मौतों के पीछे की वजह शराब नहीं थी। सुमन ने बताया कि एक व्यक्ति को एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी थी, जबकि दूसरे को लकवा मार गया था। सुमन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'पहली मौत 15 जनवरी को हुई थी, हालांकि हमें घटना के बारे में आज ही पता चला। शेष पांच मौतों का कारण स्पष्ट नहीं है, क्योंकि पुलिस को सूचित किए जाने से पहले ही सभी सात शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। हमने मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए एक जांच टीम का गठन किया है।' पश्चिम चंपारण के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सुमित कुमार ने कहा कि मौतों के कारणों का पता लगाना मुश्किल है क्योंकि सभी शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'जांच टीम को 24 घंटे के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।'

## महाकुंभः मुख्यमंत्री शर्मा ने त्रिवेणी संगम घाट पर स्नान किया

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में त्रिवेणी संगम घाट पर स्नान किया तथा मां गंगा की पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा,' प्रयागराज में आस्था, श्रद्धा और एकता के महासमागम 'महाकुम्भ-2025' में पवित्र त्रिवेणी संगम पर आस्था की पावन डुबकी लगाने का अनुपम सौभाग्य प्राप्त हुआ। तत्पश्चात, लेटे हुए हनुमान जी महाराज के दिव्य दर्शन एवं पूर्ण विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर समस्त प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, मंगलमय एवं आरोग्यमय जीवन के लिए प्रार्थना



की।' यहां जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, शर्मा ने कहा कि देश की प्राचीन संस्कृति और परम्परा समृद्ध है और ऐसी पुरातन एवं वैभवशाली परम्परा दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलती है। उन्होंने कहा, हमारी संस्कृति सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः के भाव के साथ हम सब को सुख-शान्ति से रहने का संदेश देती है। उन्होंने महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना की। शर्मा ने बोट से त्रिवेणी संगम का अवलोकन किया। उन्होंने राजस्थान मण्डप में संत-महात्माओं का अभिनंदन कर उनका आशीर्वाद लिया। शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को भी प्रयागराज महाकुंभ स्थित राजस्थान मण्डप में सुना। मुख्यमंत्री ने कहा, 'इस कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री ने न केवल देश की वर्तमान परिस्थितियों पर प्रकाश डाला, बल्कि भारत के उज्ज्वल भविष्य की रूपरेखा भी प्रस्तुत की।

## महाकुंभ में दी जा रही सिर्फ वीआईपी मेहमानों को तरजीह : अखिलेश

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि तीर्थयात्रियों से ज्यादा वीआईपी मेहमानों को तरजीह देकर संगम की ओर जाने वाले सभी रास्ते बंद कर दिए जाने के कारण श्रद्धालुओं को महाकुंभ परिसर तक पहुंचने के लिए मीलों पैदल चलना पड़ रहा है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जगह जाम जैसी स्थिति है और मांग की कि जाम को तुरंत खुलवाया जाए। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अति विशिष्ट अतिथियों (वी-वीआईपी) को तीर्थयात्रियों से अधिक महत्व देते हुए संगम की तरफ़ जाने वाले सभी मार्ग बंद होने से महाकुंभ परिसर में श्रद्धालुओं को मीलों घुमकर जाना पड़ रहा है। इससे बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को अत्यधिक असुविधा, कष्ट और थकान का



सामना कर पड़ रहा है। हर तरफ़ जाम जैसी स्थिति हो गयी है। तत्काल जाम खुलवाया जाए। उन्होंने कहा कि सच्चे श्रद्धावान से महत्वपूर्ण अन्य कोई नहीं होना चाहिए तथा यातायात व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि सब सुचारू रूप से समानान्तर चलता रहे, किसी के लिए भी रास्ते बंद नहीं होने चाहिए। यादव ने कहा, अति विशिष्ट अतिथियों के आने पर तो आवागमन और भी सुगम और सुविधाजनक होना चाहिए, जिससे प्रतीत हो कि विशिष्ट लोगों के आने से व्यवस्था और अच्छी होती है। यादव ने कानून व्यवस्था को लेकर भी उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कानून व्यवस्था पर 'जीरो टॉलरेंस' का सरकार का दावा झूठा साबित हुआ है। पार्टी मुख्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, उन्होंने कहा, भाजपा सरकार में अपराधी बेखौफ हैं और हत्या, लूट समेत अपराध की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में अपराध की घटनाएं प्रतिदिन बढ़ रही हैं। कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का सरकार का दावा झूठा साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि अपराधी भी समझ गए हैं कि मुख्यमंत्री को प्रदेश की कानून व्यवस्था से कोई लेना-देना नहीं है तथा पूरा प्रशासन इन दिनों भ्रमण पर है। सपा प्रमुख ने बयान में यह भी कहा, कैबिनेट मंत्री भी राजधानी से बाहर जा रहे हैं। अपराधियों का दिन चल रहा है। इन दिनों वे (अपराधी) खोज रहे हैं कि सरकार कहां है। प्रदेश में हर दिन सैकड़ों आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। भाजपा सरकार ने प्रदेश को अपराध का गढ़ बना दिया है।

## बिहार के कटिहार में नौका पलटने से तीन लोगों की मौत, पांच अन्य लापता

**कटिहार :** बिहार के कटिहार जिले में रविवार को गंगा नदी में नौका पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लापता हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह नौका अमदाबाद इलाके में गोलाघाट के पास पलटी, जिसपर 15 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि अब तक सात लोगों को बचाया जा चुका है, उनमें से कुछ लोग तैरकर किनारे तक पहुंचे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना में हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजन को चार लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'लापता चार लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी



है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं।' अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में से दो की पहचान पवन कुमार (60) और सुधीर मंडल (70) के रूप में हुई है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर के सोपोर में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ जारी

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के सोपोर इलाके में रविवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोपोर पुलिस जिले के गुज्जरपेटी जालुरा में तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों के अनुसार, अभी तक इस अभियान में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

### जम्मू और कठुआ से मां-बेटे सहित पांच मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर के जम्मू और कठुआ जिलों से रविवार को अलग-अलग स्थानों से मां-बेटे समेत पांच कथित मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से प्रतिबंधित पदार्थ भी जब्त किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि राजीव नगर निवासी शमू और उसके बेटे रवि को जम्मू के चौधी में जांच के दौरान करीब 50 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि जम्मू में एक गोदाम की जांच के दौरान एक कार से 30 ग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की गई और मामले में अनंतनाग के दो तस्करों आदिल गुल और रईस को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि कठुआ में एक अन्य मादक पदार्थ तस्कर विनोद सिंह को बानी क्षेत्र में एक युवक को चरस बेचते समय पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि सिंह के कब्जे से लगभग 85 ग्राम प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि सभी पांचों के खिलाफ स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है।

### जम्मू कश्मीर के राजौरी में फेंकी गईं सरकारी दवाइयां मिलीं, जांच के आदेश

**राजौरी/जम्मू :** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में सरकार द्वारा आपूर्ति की गई दवाएं भारी मात्रा में एक खाई में मिलीं, जिसके बाद अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि फेंकी गई दवाओं में टैबलेट और सिरप शामिल हैं, जिनमें से कुछ की वैधता अभी कुछ और महीनों की है। ये दवाएं दरहाल तहसील के बुधखानारी के पास मिलीं। फेंकी गई दवाओं के क्लिप सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हो गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने दावा किया कि दवाओं से भरा वाहन मौके पर ही खाली कर दिया गया था तथा उन्होंने दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (राजौरी) मनोहर लाल राणा ने कहा कि जांच के आदेश दे दिए गए हैं तथा इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जांच करने और आरोपी व्यक्तियों की पहचान करने के लिए दरहाल खंड चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में तीन-सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, ताकि उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके।

### असम पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रघात' के तहत आतंकवादी को गिरफ्तार किया

**गुवाहाटी :** असम के धुबरी जिले में एक व्यक्ति को कट्टरपंथी आतंकवादी समूह का सदस्य होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस के एक प्रवक्ता ने रविवार को दी। यह गिरफ्तारी राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) द्वारा आतंकवादियों, कट्टरपंथियों और आतंकी नेटवर्क के खिलाफ कई राज्यों द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन प्रघात' के तहत की गई। प्रवक्ता ने कहा, ''बिलासीपाड़ा पुलिस थानाक्षेत्र अंतर्गत खुदीगांव नाम के गांव से एक 'जेहादी' जहीर अली को गिरफ्तार किया गया।'' उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन प्रघात' के तहत अब तक बांग्लादेशी नागरिकों सहित 12 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। असम पुलिस ने जारी अभियान के तहत पिछले साल दिसंबर में एक बांग्लादेशी सहित आठ कट्टरपंथियों को गिरफ्तार किया था और देशभर में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए 'स्लीपर सेल' स्थापित करने के प्रयास का भंडाफोड़ किया था।

# भारत विश्व में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अगुआ के रूप में उभरा: अमित शाह



**अमरावती :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में लचीले बुनियादी ढांचे के बूते भारत आपदाओं के दौरान 'शून्य हताहत' लक्ष्य को अपनाकर इस क्षेत्र में विश्वभर में अगुआ के रूप में उभरा है। शाह ने आंध्र प्रदेश के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के समर्थन पर जोर देते हुए कहा कि केंद्र ने केवल छह महीनों में राज्य के लिए तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। वह राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) के दक्षिणी परिसर और विजयवाड़ा के पास राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की 10वीं बटालियन परिसर का उद्घाटन करने के बाद कृष्णा जिले के कोंडापवुलुरू में एनडीआरएफ के 20वें स्थापना दिवस समारोह में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने लगभग 220 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा, ''आज मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं, एनडीआरएफ द्वारा एनडीएमए की नीतियों के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन ने भारत को आपदा प्रबंधन में एक वैश्विक अगुआ के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत ने सीडीआरआई की स्थापना करके आपदा-रोधी बुनियादी ढांचे में पूरी दुनिया में अग्रणी भूमिका निभाई है।'' उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में दृष्टिकोण, कार्यप्रणाली और उद्देश्य में बड़े बदलाव लाने की दिशा में काम किया है। शाह ने कहा कि पहले आपदा के प्रति दृष्टिकोण राहत-केंद्रित था, लेकिन अब 'बचाव-केंद्रित' दृष्टिकोण है, ताकि लोगों को आपदा से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण में यह 360 डिग्री बदलाव 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद अमल में आया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीआरएफ स्थापना दिवस पर बहादुर कर्मियों की निस्वार्थ सेवा को किया सलाम

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की सराहना करते हुए कहा कि बहादुर जवानों के साहस, समर्पण और निस्वार्थ सेवा ने विपरीत परिस्थितियों में ढाल की तरह काम किया है। एनडीआरएफ एक प्रमुख केंद्रीय एजेंसी है, जो विभिन्न आपदाओं के समय राहत और बचाव अभियान चलाती है। एनडीआरएफ अपना 19वां स्थापना दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के स्थापना दिवस के इस विशेष अवसर पर, हम उन बहादुर कर्मियों के साहस, समर्पण और निस्वार्थ सेवा को सलाम करते हैं, जो विपत्ति के समय में एक ढाल की तरह काम करते हैं।

## केरल में नाबालिग से दुष्कर्म: 59 आरोपियों में से अबतक 57 गिरफ्तार

**पथनमथिट्टा (केरल) :** केरल के पथनमथिट्टा जिले में दलित लड़की के कथित यौन शोषण के मामले में कुल 59 आरोपियों में से 57 को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। जिला पुलिस प्रमुख वी. जी. विनोद कुमार ने बताया कि इस संबंध में पहला मामला 10 जनवरी को इलावुमथिट्टा पुलिस थाने में दर्ज किया गया था तथा दो आरोपियों को छोड़कर सभी नामजद आरोपियों को व्यापक जांच के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन दो आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है वे फिलहाल देश में नहीं है। अधिकारी ने यहां एक बयान में कहा कि गिरफ्तार किया गया अंतिम आरोपी 25 वर्षीय युवक है, जिसे रविवार सुबह उसके घर के पास से पकड़ा गया। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की महिला अधिकारी एस. अजिता बेगम के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल जिला पुलिस प्रमुख की देखरेख में मामले की जांच कर रहा है। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर जिले के चार पुलिस थानों में कुल 30 मामले दर्ज किये गये हैं। आरोपियों में पांच नाबालिग भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम का उद्देश्य जांच पूरी कर जल्द से जल्द आरोप पत्र प्रस्तुत करना है। पुलिस ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि कई आरोपियों ने लड़की से पथनमथिट्टा के एक निजी बस अड्डे पर मुलाकात की थी। इसके बाद उसे वाहनों में अलग-अलग जगहों पर ले जाया गया और उसका उत्पीड़न किया गया। पुलिस ने बताया कि जांच में पाया गया कि पिछले साल जब लड़की 12वीं कक्षा में पढ़ रही थी, तो उसे इंस्टाग्राम के जरिये जानने वाला एक युवक रन्नी के एक रबर बागान में ले गया, जहां उसने तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर उसके साथ बलात्कार किया।

## धार्मिक स्थलों पर चोरी और जेब काटने वाले गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार

**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर जिले में पुलिस ने भीड़भाड़ वाले धार्मिक स्थलों पर कथित रूप से चोरी करने वाले महाराष्ट्र के एक गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने यहां बताया कि गिरोह में पांच महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं तथा गिरोह के सदस्यों को शनिवार शाम को गिरफ्तार किया गया। उनके मुताबिक, पुलिस ने उनके कब्जे से 26 हजार रुपये नकद, सोने का एक कंगन और एक वाहन बरामद किया। उन्होंने बताया कि गिरोह उत्तर प्रदेश भर में भीड़भाड़ वाले धार्मिक स्थलों को निशाना बनाता था तथा गिरोह जेब काटने और चोरी के लिए ध्यान भटकाने और छल-कपट का इस्तेमाल करता था। अधिकारियों ने बताया कि पिछले धनतेरस के त्यौहार के दौरान गिरोह ने गोरखपुर के गोरखनाथ इलाके में एक महिला से सोने के गहने चुराए थे तथा गिरोह ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित खिचड़ी मेले में व्यापक भीड़ का फायदा उठाने की भी साजिश रची थी। उन्होंने बताया कि कैंट थाने की पुलिस ने एक खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए गिरोह के सात सदस्यों को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए लोगों में नागपुर जिले के निवासी ज्योति प्रसाद और उसके साथी शामिल हैं। पुलिस ने अनुसार, पूछताछ के दौरान संदिग्धों ने खुलासा किया कि वे चोरी करने के लिए गोरखपुर जाने से पहले छह महीने तक अयोध्या में रहे थे।

## जम्मू-कश्मीर में रहस्यमय हालात में मौतें: केंद्र की टीम राजौरी पहुंची, मृतकों की संख्या 17 हुई



**जम्मू :** केंद्र की एक उच्च-स्तरीय अंतर-मंत्रालयी टीम रविवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले पहुंची जहां कथित तौर पर एक रहस्यमय बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। इस रहस्यमय बीमारी से रविवार को एक और व्यक्ति की मौत हो गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सुदूर बधाल गांव में एक-दूसरे से जुड़े तीन परिवारों में कुछ हफ्तों के भीतर हुई मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी टीम के गठन का आदेश दिया था। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू के एसएमजीएस अस्पताल में इलाज करा रहे मोहम्मद असलम के छह बच्चों में से आखिरी यासमीन कौसर की भी आज शाम मौत हो गई। कौसर के पांच भाई-बहनों और दादा-दादी की पिछले सप्ताह मृत्यु हो गई थी। गांव में दो परिवारों के नौ अन्य सदस्यों की मौत 7 से 12 दिसंबर के बीच हो गई थी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, ''जम्मू-कश्मीर स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों ने मौतों की जांच की लेकिन सटीक कारण अभी तक पता नहीं चला है। गृह मंत्री ने अंतर-मंत्रालयी विशेषज्ञों की एक टीम गठित की है और वे यहां पहुंच गए हैं।'' अधिकारियों ने कहा कि 16 सदस्यीय टीम आज शाम राजौरी जिला मुख्यालय पहुंची और इसके सोमवार को शहर से 55 किमी दूर पहाड़ी गांव का दौरा करने की संभावना है। मरीजों ने अस्पतालों में भर्ती होने के कुछ दिनों के भीतर मरने से पहले बुखार, दर्द, मतली और चेतना में कमी आने की शिकायत की थी।

## न्यूज अपडेट

### आतिशी ने एक सप्ताह में 40 लाख रुपये जुटाने का लक्ष्य पूरा करने के बाद चंदा अभियान बंद किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए चंदा के जरिए 40 लाख रुपये सफलतापूर्वक जुटाने के बाद रविवार को अपना ''डोनेट फॉर आतिशी'' अभियान बंद कर दिया। अभियान में 740 से अधिक समर्थकों ने योगदान दिया, जिससे आतिशी एक सप्ताह के भीतर अपने लक्ष्य तक पहुंच गईं। अभियान के समापन की घोषणा करते हुए आतिशी ने कहा, ''यह सिर्फ वित्तीय सहायता नहीं है, यह आम आदमी पार्टी की ईमानदार और परिवर्तनकारी राजनीति का ज़बरदस्त समर्थन है।'' अपने समर्थकों का शुक्रिया अदा करते हुए आतिशी ने कहा कि उनका भरोसा और उदारता उन्हें एक बेहतर दिल्ली बनाने की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करती है। ''डोनेट फॉर आतिशी'' चंदा अभियान 12 जनवरी को शुरू किया गया था। यह धनराशि आतिशी अपने चुनाव प्रचार अभियान पर खर्च करेंगी। वह आगामी विधानसभा चुनावों में कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में हैं।

### राजद सांसद संजय यादव से मांगी गई 20 करोड़ रुपये की रंगदारी, मामला दर्ज

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राज्यसभा सदस्य संजय यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने फोन करके उनसे 20 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। यादव ने कहा कि फोन करने वाले ने पैसे न देने पर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली है। यादव ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''शनिवार को एक व्यक्ति ने मुझे कॉल करके रंगदारी के तौर पर 20 करोड़ रुपये मांगे। उसने मुझे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। मैंने इस संबंध में सचिवालय थाने में एक शिकायत दर्ज कराई है।'' हालांकि, उन्होंने कॉल करने वाले का नाम बताने से इनकार कर दिया। सचिवालय थाने के प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि सांसद की शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### वाहन प्रदर्शनी के आम जनता के लिए खुलने पर भारत मंडपम में उमड़े लोग

नयी दिल्ली नयी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित देश की प्रमुख वाहन प्रदर्शनी को रविवार को आम जनता के लिए खोले जाने के बाद यहां हर उम्र और लिंग के लोग अपनी पसंदीदा कारों और बाइक देखने के लिए पहुंचे। मीडिया और व्यावसायिक दिनों के दो दिनों के बाद जब यह प्रमुख कार्यक्रम आम जनता के लिए खुला, तो सुबह से ही बड़ी संख्या में आगंतुक भारत मंडपम परिसर में प्रवेश करते देखे गए। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, आगंतुकों की संख्या बढ़ती गई। यातायात जाम, सुरक्षा चौकियों पर लंबी कतारें और भीड़ भरे प्रवेश द्वार भी लोगों की भीड़ को रोक नहीं पाए, जो ओईएम द्वारा विभिन्न हॉलों में प्रदर्शित नवीनतम प्रौद्योगिकियों और मॉडलों को देखने के लिए उत्सुक थे। हाल ही में प्रदर्शित इलेक्ट्रिक वाहनों, अवधारणाओं और नई वाहन प्रौद्योगिकियों को देखने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के साथ-साथ पड़ोसी शहरों और कस्बों से आए आगंतुकों की भारी दिलचस्पी देखी गई। भारी भीड़ की उम्मीद के चलते कंपनियां भी अधिक लोगों के साथ तैयार दिखीं तथा प्रदर्शन क्षेत्रों के आसपास बैरिकेडिंग भी की गई थी। परिसर के आसपास स्थित खाने-पीने की दुकानों पर भी दिनभर लंबी कतारें लगी रहीं और लोग खुले स्थानों पर भोजन का आनंद लेते रहे। वाहन प्रदर्शनी 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025' तीन स्थानों पर 17-22 जनवरी तक आयोजित की जा रही है।

### प्रशासन ने भद्रवाह-पठानकोट राजमार्ग खोला, बर्फ से ढके गुलदंडा में पर्यटकों की भीड़ उमड़ी

**भद्रवाह (जम्मू कश्मीर) :** जम्मू कश्मीर में भद्रवाह-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग को प्राधिकारियों द्वारा यातायात के लिए फिर से खोले जाने के बाद डोडा जिले में बर्फ से ढके गुलदंडा में रविवार को सैकड़ों पर्यटक उमड़ पड़े। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 9,555 फुट की ऊंचाई पर स्थित गुलडंडा और 11,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित चत्तरगला दर्रे से गुजरने वाले अंतरराज्यीय राजमार्ग को बृहस्पतिवार की बर्फबारी के बाद यातायात के लिए बंद कर दिया गया था, ताकि सड़क की फिसलन भरी स्थिति के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। डोडा के उपायुक्त हरविंदर सिंह ने कहा कि सड़क के खुलने के दो घंटे के भीतर 2,000 से अधिक पर्यटकों को घास के मैदान में एकत्र होते देखना बहुत खुशी की बात है।

## उत्तरी गोवा में 'पैराग्लाइडिंग' के वक्त हुई दुर्घटना में महिला पर्यटक और प्रशिक्षक की मौत



**पणजी :** गोवा पर्यटन विभाग ने रविवार को स्पष्ट किया कि उसने केरी पठार पर 'पैराग्लाइडिंग' की अनुमति नहीं दी है। यह बात एक दिन पहले इस साहसिक खेल के दौरान दो लोगों की मौत के बाद कही गई है। पुणे निवासी 27 वर्षीय शिवानी डाबले और उनकी प्रशिक्षक नेपाली नागरिक सुमल नेपाली (26) की शनिवार शाम को उत्तरी गोवा के केरी गांव में 'पैराग्लाइडिंग' के वक्त खड्ड में गिरने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, डाबले ने अवैध रूप से संचालित एक एडवेंचर स्पोर्ट्स कंपनी के साथ 'पैराग्लाइडिंग' का विकल्प चुना था। मंड्रेम पुलिस ने कंपनी के मालिक शेखर रायजादा के खिलाफ मानव जीवन को खतरे में डालने का मामला दर्ज किया है। मीडिया को दिए गए एक बयान में पर्यटन विभाग ने संवेदना व्यक्त की और कहा कि उसने केरी पठार पर 'पैराग्लाइडिंग' के लिए अनुमति या स्वीकृति नहीं दी है। इसमें कहा गया है, यह गतिविधि अवैध रूप से और बिना किसी प्राधिकरण के संचालित की जा रही थी। विभाग यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है कि राज्य में पर्यटन से संबंधित सभी गतिविधियों में सुरक्षा नियमों और लाइसेंस मानदंडों का सख्ती से पालन किया जाए।

## राहुल ने न्याय, समानता के लिए 'सफेद टी-शर्ट मुहिम' शुरू की

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आम लोगों के अधिकारों की वकालत करते हुए रविवार को 'सफेद टी-शर्ट मुहिम' शुरू करने की घोषणा की और केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर गरीबों से मुंह मोड़ने का आरोप लगाया। गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में, यह मुहिम शुरू करने की घोषणा की और लोगों से इसका हिस्सा बनने का आग्रह किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक वीडियो 'वॉयसओवर' में कहा, ''यदि आप आर्थिक न्याय में विश्वास करते हैं, संपत्ति की बढ़ती असमानताओं का विरोध करते हैं, सामाजिक समानता के लिए लड़ते हैं, सभी प्रकार के भेदभाव को अस्वीकार करते हैं और हमारे देश में शांति एवं स्थिरता के लिए प्रयासरत हैं, तो सफेद टी-शर्ट पहनें और मुहिम में शामिल हों।'' गांधी ने कहा, ''आज मोदी सरकार ने गरीबों और श्रमिक वर्ग से मुंह मोड़ लिया है और उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया है। सरकार का पूरा ध्यान कुछ चुनिंदा पूंजीपतियों को और समृद्ध बनाने पर है।'' उन्होंने कहा कि इसके कारण असमानता लगातार बढ़ रही है और ''अपने खून-पसीने से देश को सींचने वाले'' श्रमिकों की स्थिति खराब होती जा रही है और वे विभिन्न प्रकार के अन्याय और अत्याचार सहने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा, ''ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम उन्हें न्याय और अधिकार दिलाने के लिए आवाज उठाएं। इसी सोच के साथ हम 'सफेद टी-शर्ट मुहिम शुरू कर रहे हैं।''

## सैफ पर हमला मामले में दुर्ग रेलवे स्टेशन से हिरासत में लिए गये संदिग्ध को छोड़ दिया गया: पुलिस

**दुर्ग(छत्तीसगढ़) :** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर 16 जनवरी को मुंबई के बांद्रा स्थित उनके आवास में हुए हमले के सिलसिले में छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेलवे स्टेशन से हिरासत में लिए गये एक व्यक्ति को रविवार को छोड़ दिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में, मुंबई पुलिस ने बताया कि उसने मामले में महाराष्ट्र के ठाणे से 30 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया, ''शनिवार दोपहर दुर्ग स्टेशन पर मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस से कोलकाता के शालीमार के बीच चलने वाली ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से हिरासत में लिया गया व्यक्ति सिर्फ एक संदिग्ध था और पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया है। उसे रात भर दुर्ग स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की चौकी में रखा गया और आज सुबह छोड़ दिया गया।'' पुलिस उपनिरीक्षक प्रदीप फुडे ने दुर्ग रेलवे स्टेशन पर संवाददाताओं से कहा, '' हम पूछताछ के लिए किसी को भी हिरासत में ले सकते हैं। हम इस बात पर जोर दे रहे थे कि वह सिर्फ एक संदिग्ध है। हमारी ओर से कोई गलती नहीं हुई है। हमने मीडिया से कहा था कि हम प्रामाणिक विवरण साझा करेंगे, लेकिन कुछ ने आगे बढ़कर उसे आरोपी घोषित कर दिया।''

## विश्व आर्थिक मंच की बैठक में दिखेगी भारत की विविधता की एकता, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव करेंगे अगुवाई



**नई दिल्ली :** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की पांच दिवसीय बैठकें आज से दावोस में शुरू हो रही हैं। इन बैठकों में भारत की विविधता की एकता की झलक देखने को मिलेगी। डब्ल्यूईएफ में सोमवार से दुनिया के अमीर और ताकतवर लोग जुटेंगे। भारत इस बार अपना अब तक का सबसे बड़ा दल दावोस भेज रहा है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में पांच केंद्रीय मंत्री, तीन मुख्यमंत्री और कई राज्यों के मंत्रियों के साथ ही करीब 100 मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), सरकार, नागरिक समाज और कला और संस्कृति के क्षेत्रों से जुड़े दिग्गज शामिल हैं।केंद्रीय मंत्री वैष्णव करेंगे भारतीय दल की अगुवाईकेंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे। उन्होंने दावोस रवाना होने से पहले कहा 'विश्व आर्थिक मंच में हमारी विचार प्रक्रिया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आर्थिक नीतियों, डिजिटल परिवर्तन और जिस तरह से भारत ने डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत एक नया डिजिटल ढांचा बनाया है, उसे समझने में बहुत रुचि है।' भारतीय प्रतिनिधिमंडल में चार अन्य केंद्रीय मंत्री सी आर पाटिल, चिराग पासवान, जयंत चौधरी और के राम मोहन नायडू भी बैठक में शामिल होंगे।

## राहुल को नहीं पता कि इंदिरा और नेहरू ने संविधान के साथ कैसे छेड़छाड़ की : नड्डा



**अहमदाबाद :** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है और वह नहीं जानते कि उनके पिता (राजीव), दादी (इंदिरा) और दादी के पिता (नेहरू) ने संविधान के साथ छेड़छाड़ करने के क्या-क्या प्रयास किए थे। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने 65 वर्षों तक देश पर शासन किया और उसके नेताओं ने संविधान के साथ छेड़छाड़ कर इसके बुनियादी प्रावधानों को नष्ट करने की कोशिश की। वह भाजपा के 'संविधान गौरव अभियान' में बोल रहे थे। हाल में, केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ एक टिप्पणी में ''इंडियन स्टेट'' (भारतीय राज व्यवस्था) शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर राहुल पर उन्होंने प्रहार किया। नड्डा ने कहा, ''आज हमारे कांग्रेस नेता कहते हैं कि वे ''इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) के खिलाफ लड़ रहे हैं।'' उन्हें इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है, न ही उनका इससे कोई लेना-देना है। उन्होंने कहा कि राहुल उन्हें सौंपे गए भाषणों की सामग्री और संदर्भ को समझे बिना उन्हें ''सिर्फ पढ़ते'' हैं। राहुल ने हाल ही में कहा था, ''भाजपा और आरएसएस ने इस देश की हर एक संस्था पर कब्जा कर लिया है और अब हम भाजपा, आरएसएस और भारतीय राज व्यवस्था से लड़ रहे हैं। नड्डा ने कहा, ''भारत अपना 76 वां गणतंत्र दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में हमें याद रखना चाहिए कि किसने संविधान के साथ छेड़छाड़ की और इसके बुनियादी प्रावधानों को नष्ट करने की कोशिश की। यह भी याद रखें कि किसने संविधान की रक्षा की और किसने बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों की रक्षा करने के साथ उन्हें रेखांकित करने का काम किया।'' उन्होंने कहा कि नागरिकों को उन पाखंडी लोगों से सचेत और सावधान रहना चाहिए जो संविधान को पढ़े बिना इसकी प्रति लेकर घूमा करते हैं। राहुल भाजपा पर हमला करने के लिए अक्सर अपनी चुनावी रैलियों में संविधान की प्रति अपने साथ रखते हैं। नड्डा ने कहा, ''उन्हें (राहुल को) नहीं पता कि उनके पिता (राजीव गांधी), दादी (इंदिरा गांधी) और दादी के पिता (जवाहरलाल नेहरू) ने क्या किया था। उन्हें ये बातें पता होनी चाहिए।'' उन्होंने आंबेडकर को उद्धृत करते हुए कहा कि भले ही संविधान खराब हो, फिर भी इसे अच्छा किया जा सकता है अगर इसे लागू करने वालों की मंशा सही हो। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस नेता ''बुरे'' थे, लेकिन भाजपा के नेता ''अच्छे'' हैं जिन्होंने अनुच्छेद 370 को खत्म (जम्मू-कश्मीर में) करने जैसे कदम उठाए, 'एक देश एक कर' लागू किया और समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ''जब 1949 में संविधान को अंगीकार किया जा रहा था, तो डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, अगर इसे लागू करने वाला बुरा है, तो यह विफल हो जाएगा।''

## महाकुंभ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शंकराचार्यों, संत महात्माओं से की भेंट



**महाकुंभ नगर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाकुंभ मेला क्षेत्र में शंकराचार्यों और संत महात्माओं से भेंट कर उनका हालचाल जाना और उनके लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के कुशल संचालन के लिए शंकराचार्यों और संतों की भूमिका की सराहना भी की। मुख्यमंत्री सबसे पहले सेक्टर-नौ में स्थित गुरुशरणानंद जी के आश्रम गए और उनसे भेंट की। इसके बाद वह आचार्यबाड़ा के अध्यक्ष और मंत्री से मिले। योगी आदित्यनाथ पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती के शिविर गए जहां उन्होंने महाकुंभ में आने के लिए शंकराचार्य का आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने शारदा द्वारका पीठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती के शिविर में जाकर उनसे भी भेंट की।

# खो-खो वर्ल्ड कप फाइनल में महिलाओं के बाद भारतीय पुरुष टीम ने भी रचा इतिहास, नेपाल को हराकर ट्रॉफी की अपने नाम



**नयी दिल्ली :** दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेले गए पहले खो-खो वर्ल्ड कप में भारतीय महिला और पुरुष टीम का दबदबा देखने को मिला है। महिला टीम ने जहां नेपाल को हराकर वर्ल्ड कप के खिताब को अपने नाम किया तो वहीं पुरुष टीम भी उन्हीं के नक्शेकदम पर चलते हुए नेपाल को मात देते हुए वर्ल्ड कप की ट्रॉफी जीतने में कामयाब रही। भारतीय पुरुष टीम का पूरे टूर्नामेंट में अजेय अभियान देखने को मिला जिसको उन्होंने फाइनल मुकाबले में भी जारी रखा। नेपाल के खिलाफ खिताबी मैच को टीम इंडिया ने 54-36 के अंतर से अपने नाम किया। खो-खो वर्ल्ड कप 2025 पुरुष फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की नेपाल के खिलाफ शुरुआत काफी शानदार देखने को मिली जिसमें उन्होंने पहले टर्न में 26 अंक बटोरने के साथ नेपाल की टीम को खाता भी खोलने का मौका नहीं दिया। वहीं दूसरे टर्न में नेपाल की टीम ने थोड़ा वापसी जरूर की जिसमें उन्होंने कुल 18 पॉइंट हासिल किए लेकिन टीम इंडिया 8 अंकों की बढ़त को बनाए रखने में कामयाब रही। हालांकि तीसरे टर्न में भारतीय पुरुष खो-खो टीम की तरफ से शानदार वापसी देखने को मिली जिसमें उन्होंने नेपाल को इस खिताबी मुकाबले से पूरी तरह बाहर करने के साथ अपने अंकों को 50 के पार पहुंचा दिया।

भारतीय पुरुष खो-खो टीम ने नेपाल के खिलाफ फाइनल मुकाबले में शुरुआती तीन टर्न में अपनी बढ़त को जहां बनाए रखा तो वहीं चौथे टर्न में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला और टीम इंडिया ने इस मुकाबले को 54-36 के अंतर से अपने नाम करने में कामयाब रही।

### मोदी ने भारतीय महिला टीम की खो-खो विश्व कप जीत को ऐतिहासिक करार दिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय महिला टीम को पहला खो-खो विश्व कप जीतने पर रविवार को बधाई देते हुए कहा कि इस जीत ने भारत के सबसे पुराने पारंपरिक खेलों में से एक को और अधिक सुर्खियों में ला दिया है।

## भारतीय महिला टीम खो-खो विश्व कप की चैंपियन बनी



**नयी दिल्ली :** भारतीय महिला टीम ने पहले खो-खो विश्व कप के फाइनल में रविवार को यहां नेपाल पर 78-40 की शानदार जीत के साथ खिताब अपने नाम किया। भारतीय खिलाड़ियों ने यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में गति, रणनीति और कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए मैच की शुरुआत से अंत तक अपना दबदबा बनाये रखा। नेपाल ने टॉस जीतकर भारत को अटैक करने का न्योता दिया। कप्तान प्रियंक इंगले के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआती टर्न में नेपाल को एक बार भी ड्रीम रन करने का मौका नहीं दिया और 34-0 की बढ़त बना ली। नेपाल ने दूसरे टर्न में अटैक करते हुए 24 अंक बनाकर वापसी की लेकिन इस दौरान बी चैत्रा ने ड्रीम रन पूरा कर भारत को भी एक अंक दिलाया। मध्यांतर के बाद भारत की बढ़त 35-24 की हो गयी। भारतीय टीम तीसरे टर्न में अटैक करते हुए मैच पर पूरी तरह से हावी हो गयी। टीम ने 73-24 की बढ़त के साथ जीत को लगभग पक्का कर लिया। चैत्रा ने चौथे टर्न में भी ड्रीम रन से पांच अंक जुटा कर नेपाल के खिलाड़ियों को परेशान किया। नेपाल की टीम इस टर्न में 16 अंक ही जुटा सकी। भारतीय महिला टीम ने ग्रुप चरण में दक्षिण कोरिया, ईरान और मलेशिया पर शानदार जीत दर्ज करने के बाद क्वार्टर फाइनल में बांग्लादेश और सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को एकतरफा अंदाज में हराया था।

## भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार करने की कार्य योजना तैयार: मांडविया



भोपाल केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी को तैयार करने के लिए खेल के माहौल को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत योजना तैयार की गई है। मांडविया ने यहां राज्य के पहले फिट इंडिया क्लब को लॉन्च करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया जिसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे। मांडविया ने कहा, 'प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी जी ने कहा कि हम 2036 में ओलंपिक का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत को अगले दस वर्षों में अंतराष्ट्रीय खेलों में एक से 10 की रैंकिंग हासिल करनी होगी।' उन्होंने कहा, 'जब देश स्वतंत्रता का शताब्दी वर्ष मनाएगा तो हमें खेल क्षेत्र में एक से पांच के पैमाने पर खेल रैंकिंग में सुधार करना होगा।' मांडविया ने कहा कि यह सिर्फ एक नारा नहीं है बल्कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक मजबूत कार्य योजना तैयार की गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नौ से 15 वर्ष की आयु के लड़कों के लिए खेलो इंडिया स्कूल खेलों का आयोजन करके प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान की जा रही है और उन्हें तराशा जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को शामिल करके 2036 में भारत को दुनिया में शीर्ष दस में पहुंचाने के लिए खेल बुनियादी ढांचे का विस्तार किया जा रहा है। मांडविया ने कहा, 'हम एक व्यापक योजना के साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत बदल रहा है और आगे बढ़ रहा है।' यादव और मांडविया ने उत्तराखंड में होने वाले मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों की किट का अनावरण किया।

## ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने रचाई शादी



**नयी दिल्ली :** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत की है। वह शादी के बंधन में बंध गए हैं। उन्होंने इसका एलान रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा- 'जीवन के नए अध्याय की शुरुआत अपने परिवार के साथ। हर उस आशीर्वाद के लिए आभारी हूं जो हमें इस पल में एक साथ लाया।' नीरज की जीवनसंगिनी का नाम हिमानी है।

## वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर भारत ने शुरू किया अंडर-19 महिला विश्व कप में खिताब बचाव का अभियान

**कुआलालंपुर :** भारतीय अंडर 19 महिला टीम ने विश्व कप में अपने खिताब के बचाव का शानदार आगाज करते हुए रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट की प्रभावशाली जीत दर्ज की। भारत ने ग्रुप ए के इस मैच में वेस्टइंडीज की पारी को महज 44 रन पर समेटने के बाद 4.2 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका सिसौदिया (सात रन पर तीन विकेट) और आयुषी शुक्ला (छह रन पर दो विकेट) के साथ-साथ तेज गेंदबाज वीजे जोशीथा (छह रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी भी भारत ने यहां बयूमास ओवल में वेस्टइंडीज की टीम को 13.2 ओवर पर आउट कर दिया। वेस्टइंडीज के सिर्फ दो बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में रन बना सके। केनिका कैस्सार ने 29 गेंद में 15 जबकि सलामी बल्लेबाज असाबी कैलेंडर ने 12 रन का योगदान दिया। टीम के पांच बल्लेबाज खाता खोले बगैर आउट हुए। भारत ने विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमालीनि (13 गेंद में नाबाद 16 रन) और सानिका चालके (11 गेंद में नाबाद 18 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी से 94 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज को एकमात्र सफलता जहजारा क्लैक्सटन ने त्रिशा जी (चार रन) को आउट कर दिलायी।

# बायें घुटने पर भारी पट्टी के साथ शमी ने किया नेट सत्र में अभ्यास

### बीसीसीआई का निर्देश: किसी के लिए अलग वाहन नहीं, सभी खिलाड़ी टीम बस से करेंगे यात्रा

**कोलकाता :** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए '10-सूत्रीय दिशानिर्देशों' का कार्यान्वयन बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) द्वारा बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) को सूचित करने के साथ शुरू हो गया है जिसमें अभ्यास के लिए स्टेडियम जाने के लिए किसी भी खिलाड़ी के लिए अलग वाहन की व्यवस्था नहीं की गयी। टीम के सभी खिलाड़ियों और सहयोगी सदस्यों ने एक ही बस से होटल से स्टेडियम तक की यात्रा की। भारतीय टीम 22 जनवरी को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के शुरुआती मैच के लिए कोलकाता में है। इस दिशानिर्देश के अनुसार, 'सभी खिलाड़ियों को निर्धारित अभ्यास सत्र की पूरी अवधि के लिए रुकना होगा और आयोजन स्थल तक एक साथ यात्रा करनी होगी। यह नियम खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करता है और टीम के भीतर एक मजबूत कार्य नीति को बढ़ावा देता है। नए दिशानिर्देशों को कैब सहित भारत-इंग्लैंड मैचों की मेजबानी करने वाले सभी राज्य क्रिकेट बोर्डों के साथ साझा किया गया था। कैब अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने नयी व्यवस्था की पुष्टि की और नीतियों का पालन करने के लिए संघ की प्रतिबद्धता व्यक्त की। स्नेहाशीष ने बताया, 'खिलाड़ियों के लिए बीसीसीआई के 10-सूत्रीय दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए, बंगाल क्रिकेट संघ ने परिवहन के लिए विशेष तौर पर किसी अलग साधन का इंतजाम नहीं किया है।'



**कोलकाता :** भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला के शुरुआती मैच से पहले रविवार को यहां जब अपने तीन घंटे के अभ्यास सत्र के लिए एकत्र हुई तो सभी की नजरें तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पर थी। चोट के कारण 14 महीने के लंबे अंतराल पर राष्ट्रीय टीम में वापसी करते हुए शमी ने एक घंटे से अधिक समय तक पूरी लय में गेंदबाजी की। अपने बाएं घुटने पर भारी पट्टी बांधकर शमी ने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की निगरानी में शुरुआत में छोटे रनअप के साथ धीमी गेंदबाजी की और फिर पूरे रनअप के साथ गेंदबाजी की गति को बढ़ाया। उन्होंने लगभग एक घंटे तक गेंदबाजी करने के बाद क्षेत्ररक्षण अभ्यास में भी हिस्सा लिया। शमी की फिटनेस को लेकर संदेह था। उन्होंने अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा जैसे युवा बल्लेबाजों को अपनी गति और सटीक लाइन लेंथ से परेशान कर हर तरह की चिंताओं को दूर किया। इस दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने उनके खिलाफ कुछ आक्रामक शॉट लगाये। गेंदबाजी अभ्यास खत्म करने के बाद उन्होंने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल से बातचीत की। शमी को टी20 टीम में शामिल किया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि टीम 19 फरवरी से दुबई और पाकिस्तान में शुरू होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपने तेज आक्रमण को मजबूत करना चाहती है। जसप्रीत बुमराह की चोट को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है ऐसे में शमी की फिटनेस भारत की योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण है। शमी ने घरेलू क्रिकेट से वापसी करने के बाद राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई है।

### शारीरिक रूप से दिव्यांग खिलाड़ियों की चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने श्रीलंका को पांच विकेट से हराया

**कटुनायके (श्रीलंका) :** भारत ने शारीरिक रूप से दिव्यांग खिलाड़ियों के चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने अंतिम ग्रुप मैच में रविवार को यहां मेजबान श्रीलंका को पांच विकेट से हराया। भारत का सामना मंगलवार को फाइनल में इंग्लैंड से होगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 15 ओवर में सात विकेट पर 84 रन बनाए। थारिंडू थिवांका के 28 रन और सनी उडुगामा के नाबाद 24 रन की पारी खेली लेकिन भारत ने अनुशासित गेंदबाजी से रन गति पर अंकुश लगाए रखा। आमिर हसन ने गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 रन देकर तीन महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। इस मैच से पहले ही फाइनल में जगह पक्की कर चुके भारत ने 85 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए माजिद के नाबाद 32 रन की बदौलत शुरुआती झटकों से उबरते हुए सिर्फ 12 ओवर में पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य को हासिल किया।

समाज्ञा व्यापार

## आधुनिक प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए यूरोपीय संघ के साथ काम करेगा भारत: गोयल



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ मिलकर अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी विकसित करने और महत्वपूर्ण कच्चे माल की आपूर्ति शृंखला को सुरक्षित करने के लिए काम करेगा, ताकि आर्थिक संबंध मजबूत हो सकें। ब्रुसेल्स में 18-19 जनवरी को गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मैरोस सेफकोविक के बीच हुई बैठक के दौरान इन मुद्दों पर चर्चा की गई। दोनों नेताओं ने व्यावसायिक रूप से सार्थक व्यापारिक एजेंडा बनाने और पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की दिशा में काम करने पर भी सहमति व्यक्त की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रविवार को बयान में कहा कि भारत यूरोपीय संघ के साथ एक वाणिज्यिक रूप से सार्थक व्यापार एजेंडा तैयार करेगा, जो निष्पक्ष और न्यायसंगत होगा तथा दोनों पक्षों के व्यवसायों के लाभ के लिए सरलीकरण और लागत प्रतिस्पर्धा के माध्यम से शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करेगा।

### सात प्रमुख शहरों में घरों की कीमत सबसे ज्यादा 30 प्रतिशत की वृद्धि दिल्ली-एनसीआर में: एनारॉक

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में पिछले साल आवास की कीमतें सात प्रमुख शहरों में सबसे अधिक बढ़ीं। संपत्ति परामर्श कंपनी एनारॉक ने एक रिपोर्ट में बताया कि दिल्ली-एनसीआर में इनपुट लागत में वृद्धि के कारण पिछले साल दरों में औसतन 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एनारॉक ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में औसत आवासीय मूल्य में 30 प्रतिशत की उच्चतम वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। यहां घरों की कीमत 2023 में 5,800 रुपये प्रति वर्ग फुट से 2024 में लगभग 7,550 रुपये प्रति वर्ग फुट तक की कीमत हो गई है। दिल्ली-एनसीआर में आवास की कीमतों में तीव्र वृद्धि 2024 के दौरान अधिक आपूर्ति और बिक्री में मामूली गिरावट के बावजूद हुई। भूमि और श्रम की कीमतों के साथ-साथ निर्माण लागत में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल आवास बिक्री छह प्रतिशत घटकर 61,900 इकाई रह गई, जो 2023 में 65,625 इकाई थी। दिल्ली-एनसीआर में आवास संपत्तियों की ताजा आपूर्ति 2024 में 44 प्रतिशत बढ़कर 53,000 इकाई हो गई, जो 2023 में 36,735 इकाई थी।

# भारत मोबिलिटी एक्सपो के पहले दो दिनों में कुल 90 वाहनों को किया गया प्रदर्शित



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में चल रहे 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025' को लेकर वाहन विनिर्माताओं के बीच खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रदर्शनी के पहले दो दिनों में ही कुल 90 वाहन उत्पादों को पेश कर दिया गया। शुक्रवार को शुरू हुई वाहन प्रदर्शनी के शुरुआती दो दिन मीडिया प्रतिनिधियों के लिए निर्धारित थे। इस दौरान व्यापक पहुंच हासिल करने के मकसद से वाहन कंपनियों ने बड़ी संख्या में अपने नए उत्पादों को मीडिया के सामने पेश किया जिनमें इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की विशेष उपस्थिति देखने को मिली। प्रदर्शनी स्थल 'भारत मंडपम' में आयोजित प्रदर्शनी 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025' के पहले दिन कुल 34 उत्पाद पेश किए गए जबकि दूसरे दिन शनिवार को यह संख्या बढ़कर 56 हो गई। इस तरह मीडिया के लिए निर्धारित दो दिनों में कुल 90 पेशकश के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली। इस दौरान वाहन कंपनियों ने नई प्रौद्योगिकी पर आधारित कारें, बस और ट्रक से लेकर मोटरसाइकिल एवं स्कूटर तक पेश किए हैं। खास बात यह है कि इन नए उत्पादों का बड़ा हिस्सा ईवी प्रौद्योगिकी को अपनाते हुए विकसित किया गया है। भारतीय कंपनियों के अलावा विदेशी कंपनियां भी इस वाहन प्रदर्शनी में पूरे उत्साह के साथ शिरकत करती हुई नजर आ रही हैं। मारुति सुजुकी, हुंदै मोटर, टाटा मोटर्स एवं जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर जैसी कंपनियों के साथ चीन की बीवाईडी और वियतनाम की विनफास्ट के उत्पादों को लेकर भी दिलचस्पी देखने को मिली है। मारुति सुजुकी इंडिया ने पहला इलेक्ट्रिक वाहन ई-विटारा पेश किया जबकि हुंदै मोटर इंडिया ने अपने लोकप्रिय एसयूवी क्रेटा का इलेक्ट्रिक अवतार पेश किया है। लक्जरी वाहन कंपनियों मर्सिडीज-बेंज, बीएमडब्ल्यू और पोर्शे ने भी भारत मोबिलिटी एक्सपो में अपने नए उत्पादों को पेश किया और कुछ उत्पादों का अनावरण किया।

## डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे मुकेश, नीता अंबानी

वाशिंगटन उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में अमेरिका के कुछ सबसे प्रभावशाली अरबपतियों और राजनेताओं के साथ-साथ विदेशी नेताओं और मशहूर हस्तियों के भी शामिल होने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि 18 जनवरी को अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन पहुंचे अंबानी उन चुनिंदा 100 लोगों में शामिल थे, जिन्होंने कल शाम ट्रंप के साथ रात्रिभोज में भाग लिया था। वे शायद रात्रिभोज में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय थे, जहां उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित जेडी और उषा वेंस ने भी उनसे मुलाकात की। उन्होंने बताया कि अंबानी दंपति 20 जनवरी को ट्रंप परिवार के निजी आमंत्रित सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को टिप्पणी लिए इस बारे में भेजे गए ईमेल का फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला है। अंबानी परिवार के ट्रंप परिवार के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। सबसे अमीर भारतीय उस समय मौजूद थे जब डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप 2017 में वैश्विक उद्यमिता सम्मेलन के लिए हैदराबाद आई थीं। इवांका उस समय राष्ट्रपति ट्रंप की सलाहकार थीं। फरवरी, 2020 में जब ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में पिछली बार भारत आए थे, तब भी वह मौजूद थे। इवांका, उनके पति जेरेड कुशनर और उनकी सबसे बड़ी बेटी अरबेला रोज उन मशहूर हस्तियों में शामिल थीं, जो मार्च, 2024 में गुजरात के जामनगर में अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत और मंगेतर राधिका मर्चेंट के तीन दिवसीय विवाह-पूर्व समारोह में शामिल हुए थे।

## न्यूज अपडेट

### भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के अध्यक्ष चुने गए धनंजय शुक्ला

**नयी दिल्ली :** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) ने 2025 के लिए धनंजय शुक्ला को अपना अध्यक्ष चुना है। आईसीएसआई ने बताया कि पवन चांडक को उपाध्यक्ष चुना गया है। आईसीएसआई ने रविवार को बयान में कहा कि शुक्ला पिछले कई वर्षों से विभिन्न क्षमताओं में आईसीएसआई को सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने पिछले वर्ष आईसीएसआई के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला। उन्हें कॉरपोरेट पेशेवर के रूप में 20 से अधिक वर्षों का अनुभव है। सीएस पवन चांडक को श्रम कानून और श्रम कल्याण में विशेषज्ञता है। वे मेसर्स केपीआरसी एंड एसोसिएट्स के संस्थापक साझेदार हैं, जिसकी मौजूदगी पूरे भारत में हैं। सीएस पवन चांडक कॉरपोरेट कानून, विदेशी विनिमय कानून, औद्योगिक कानून, विधिक मापविज्ञान, सचिवीय लेखा परीक्षा, मध्यस्थता मामले, एसईजेड, एसटीपीआई, ईओयू और डीओटी के क्षेत्रों में अनुभव रखते हैं। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) एक प्रमुख व्यावसायिक निकाय है, जिसकी स्थापना कंपनी सचिव अधिनियम, 1980 के तहत भारत में कंपनी सचिवों के पेशे के विनियमन और विकास के लिए की गई है। यह कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में कार्य करता है।

### भारत का 2030 तक 250 अरब डॉलर के इंजीनियरिंग निर्यात का लक्ष्य: वाणिज्य सचिव

**ग्रेटर नोएडा :** वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने रविवार को यहां कहा कि सरकार के एक लाख करोड़ डॉलर के निर्यात लक्ष्य में इंजीनियरिंग क्षेत्र से 250 अरब डॉलर शामिल हैं। सरकार ने 2030 तक भारत से एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात हासिल करने का लक्ष्य रखा है। बर्थवाल ने कहा, भारत चमड़ा, कपड़ा और पारंपरिक क्षेत्रों के लिए जाना जाता है, लेकिन भारत में इंजीनियरिंग क्षेत्र जिसमें वाहन, उपकरण आदि शामिल हैं, कुल निर्यात का लगभग 25 प्रतिशत है। कल जब भारत एक लाख करोड़ डॉलर के निर्यात की उम्मीद कर रहा है, तो हम इंजीनियरिंग उद्योग से 250 अरब डॉलर के निर्यात की उम्मीद कर रहे हैं। बर्थवाल निर्माण उपकरण विनिर्माताओं के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। बर्थवाल ने कहा, ये हमारी महत्वाकांक्षा है जो जमीनी हकीकत पर आधारित है। ये इस बात पर आधारित है कि मध्यम वर्ग किस तरह से बढ़ रहा है, सरकार देश के अंदर बुनियादी ढांचा के विकास पर ध्यान दे रही है, बंदरगाहों, हवाई अड्डों के विकास पर ध्यान दे रही है, रेलवे के आधुनिकीकरण पर ध्यान दे रही है, सड़कों को चौड़ा करने पर ध्यान दे रही है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4125 अंक 275, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in